वर्ष 24, अंक 242, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज · गुरूवार 12 मार्च 2026 · विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'विकसित राष्ट्र के लिए विकसित तमिलनाडु' का निर्माण करना है

## जनता ने बदलाव का मन बना लिया है- पीएम



**तिरुचिरापल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग 5,650 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का अनावरण किया और कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य एक विकसित राष्ट्र के लिए एक विकसित तमिलनाडु का निर्माण करना है। पीएम मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से ऊर्जा की उपलब्धता और कनेक्टिविटी में सुधार होगा और तमिलनाडु के युवाओं के लिए हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

मोदी ने कहा कि आज हम 370 किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों का उद्घाटन कर रहे हैं। यह कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया गया है। इनमें से प्रत्येक सड़क केवल भौतिक बुनियादी ढांचे का हिस्सा नहीं है। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलेगी, छात्र आराम से स्कूल और कॉलेज जा सकेंगे और किसान अपनी उपज बेचने या अन्य सामान खरीदने के लिए विभिन्न स्थानों पर जा सकेंगे। कुल मिलाकर, प्रत्येक सड़क ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है और जीवन स्तर को सुगम बनाती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले सप्ताह ही हमने मदुरै से अमृत भारत कार्यक्रम के अंतर्गत 8 आधुनिक और पुनर्निर्मित स्टेशनों का उद्घाटन किया। आज कई रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है। ये सेवाएं नागरकोइल, रामेश्वरम आदि को अन्य क्षेत्रों से जोड़ती हैं। इन नई रेल सेवाओं से पर्यटन बढ़ेगा, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के कई अवसर पैदा होंगे।

# कांग्रेस के समय अक्साई चीन को हड़पा गयाः अमित शाह

## स्पीकर की निष्ठा पर विपक्ष ने सवाल उठायाः अमित शाह



**नई दिल्ली**

**लोकसभा** में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष की ओर से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से खारिज हुआ. इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चीन को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब दिया. राहुल गांधी का नाम लिए बिना गृह मंत्री ने कहा कि डोकलाम के समय जब हमारी और चीन की सेना आमने-सामने थी तो विपक्ष के नेता चीन के दूतावास में गुप्त मीटिंग कर रहे थे. उन्होंने कहा कि इनके रक्षा मंत्री ने देश की संसद में कहा कि सीमा पर सड़क बनाएंगे तो दुश्मन अंदर आ जाएगा.

कांग्रेस के समय अक्साई चीन को हड़पा गयाः अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी के समय अक्साई चीन को हड़पा गया. तब नेहरू जी ने जवाब दिया वहां घास का तिनका भी नहीं उगता. 2005-06 में राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से एक करोड़ 35 लाख का दान मिला. इनका एफसीआरए का लाइसेंस रद्द कर दिया गया. चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ कांग्रेस ने एमओयू किया, वह घोषित करें कि क्या था.' लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जाता. इस पर गृह मंत्री ने कहा कि बोलने के वक्त वे विदेश में घूमते हैं. उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी को मैं बताना चाहता हूं कि 17वीं लोकसभा में कांग्रेस पार्टी को 157 घंटे और 55 मिनट का समय दिया गया, जबकि उनके 52 सदस्य थे. इसकी तुलना में बीजेपी को 349 घंटे और 8 मिनट दिए गए, जबकि हमारी सदस्य संख्या 303 थी.'

बोलने के समय विदेश चले जाते हैंः अमित शाह

उन्होंने कहा, '18वीं लोकसभा में कांग्रेस पार्टी द्वारा कल तक 71 घंटे बोला गया, जबकि उनके पास 99 सदस्य हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी को 122 घंटे मिले हैं, जबकि हमारे 239 सदस्य हैं. इसमें भी कांग्रेस पार्टी को बीजेपी से दोगुना समय मिला, लेकिन ये कहते हैं कि हमें बोलने का मौका नहीं दिया गया... बोलने के समय तो इनके नेता जर्मनी और इंग्लैंड होते हैं.'

स्पीकर की निष्ठा पर विपक्ष ने सवाल उठायाः अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'विद्यमान स्पीकर की नियुक्ति तब हुई, तब दोनों दलों के नेता ने एक साथ उन्हें आसन पर बैठाने का काम किया. इसका मतलब है कि स्पीकर को अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों ने एक प्रकार से मुक्त माहौल भी देना है और दायित्वों के निर्वहन के लिए उनका समर्थन भी करना है।

## पश्चिम एशिया में संघर्ष का असर | एलपीजी सप्लाई पर सरकार का आश्वासन

# जमाखोरों पर होगी सख़्त कार्रवाई

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर वह एलपीजी की 100 प्रतिशत घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इस संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान के चलते व्यापक ऊर्जा संकट उत्पन्न हो गया है। एक दिन पहले, भारत ने प्राकृतिक गैस और खाना पकाने की गैस पर कड़े नियंत्रण लागू किए। जमाखोरी को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर बुक करने की न्यूनतम अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी है।

केंद्रीय गृह सचिव ने एलपीजी की मौजूदा स्थिति के संबंध में सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) और मुख्य सचिवों से चर्चा की। उन्होंने राज्यों से जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया। अधिकारियों को देश भर में एलपीजी का सुचारू और निष्पक्ष वितरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा करने के लिए आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतर-मंत्रालयी पैनल ने कहा कि गलत सूचनाओं के कारण जमाखोरी और अफरा-तफरी में बुकिंग हो रही है। जल्दबाजी में बुकिंग करने की कोई आवश्यकता नहीं है।



पैनल ने कहा कि युक्तिकरण उपायों के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया जाएगा। पैनल ने कहा कि 100 प्रतिशत घरेलू आपूर्ति होगी, चाय को लगभग 80 प्रतिशत मिलेगा, पेट्रोल में कटौती की जाएगी। एलपीजी का आयात 60 प्रतिशत होगा, जिसमें से 90 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होगा। घरेलू एलपीजी उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी और अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को गैर-घरेलू माना जाएगा।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद, जिसने वैश्विक ऊर्जा मार्गों को प्रभावित किया है, विविध खरीद प्रक्रियाओं के माध्यम से भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। सुजाता शर्मा ने एक संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित है। हमारी दैनिक खपत लगभग 55 लाख बैरल है। विविध खरीद प्रक्रियाओं के माध्यम से, आज हमने जितनी मात्रा में तेल सुरक्षित किया है, वह इस अवधि के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य से सामान्य रूप से आने वाली मात्रा से अधिक है।

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण भारत को एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच, शर्मा ने कहा कि सरकार ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए लागत में हुई वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा वहन किया है।

## सिलेंडर की डिलीवरी के समय ओटीपी देना अनिवार्य, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर होगा रिसीव

**नई दिल्ली**

मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के असर के बीच नोएडा और ग्रेटर नोएडा में LPG सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती नजर आ रही है. कई गैस एजेंसियों पर सुबह से ही लंबी-लंबी लाइनें देखी जा रही हैं. इस बीच LPG के नियमों में बदलाव हुए हैं. अब लोग डिलीवरी तारीख के 25 दिन बाद बुकिंग कर सकेंगे, अगर उनका 1 सिलेंडर का कनेक्शन है तब. डिलीवरी के समय OTP देना अनिवार्य होगा. गौतम बुद्ध नगर की इंचार्ज डिस्ट्रिक्ट सप्लाई ऑफिसर स्मृति गौतम ने कहा कि जिले में न LPG सिलेंडर और ना ही पेट्रोल-डीजल की कोई कमी है.

वहीं, इसी स्थिति को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने गैस एजेंसी संचालकों और संबंधित अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की. सूरजपुर स्थित जिला कलेक्ट्रेट में हुई इस बैठक में डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं को घरेलू गैस की कमी नहीं होनी चाहिए।

## 'ईरान में अब कुछ नहीं बचा, जब चाहूंगा युद्ध खत्म', मिडिल ईस्ट जंग पर डोनाल्ड ट्रंप का दावा



**अमेरिका**

**मिडिल**-ईस्ट में जंग के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि वे जब चाहें ईरान को तबाह कर सकते हैं. ट्रंप ने कहा कि मौजूदा सैन्य कार्रवाई के बाद अमेरिका के लिए अब ईरान में निशाना बनाने के लिए कुछ भी बचा नहीं है. इजरायली और अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वे ईरान में कम से कम दो और हफ्तों तक हमले जारी रखने की तैयारी कर रहे हैं.

ईरान में युद्ध अब छोटी बातेंः ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार (11 मार्च 2026) को एक्सियोस को दिए इंटरव्यू में कहा, 'ईरान में युद्ध अब छोटी बातें हैं. जब भी मैं चाहूं, यह जंग खत्म हो जाएगा.' ट्रंप ने भले ही सार्वजनिक रूप से ये संकेत दिया है कि उन्होंने इस अभियान में अपने उद्देश्यों को काफी हद तक हासिल कर लिया है।

## आईपीएल का शेड्यूल जारी, पहले मैच में ये दो टीमें टकराएंगी



**नई दिल्ली**

आईपीएल लीग के 19वें सीजन का शेड्यूल जारी हो गया है। टूनामेंट की शुरूआत 28 मार्च से होगी और पहला मुकाबला गत चैंपियन आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। ये ओपनिंग मैच बेंगलुरु में ही खेला जाएगा।

बता दें कि, बीसीसीआई ने पूरा शेड्यूल जारी नहीं किया है बल्कि महज 20 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया गया है। यानी 12 अप्रैल तक होने वाले मुकाबलों का ही शेड्यूल अभी जारी किया गया है। आगे के मुकाबलों का शेड्यूल बीसीसीआई बाद में जारी करेगा। वहीं इस बार पूरा शेड्यूल जारी करना थोड़ा मुश्किल लग रहा है।

## पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दो भारतीय नागरिकों की मौत

# प्रवासियों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता



**नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जसीवाल ने बुधवार को पुष्टि की कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दो भारतीय नागरिकों की जान चली गई है और एक अभी भी लापता है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दोहराया कि संघर्ष के लगातार बढ़ने के बावजूद, इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय प्रवासी भारतीयों का कल्याण और सुरक्षा सरकार की "सर्वोच्च प्राथमिकता" बनी हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, जीसीसी देशों में हमारे लगभग 1 करोड़ भारतीय प्रवासी रहते हैं। हमारे प्रवासी भारतीयों का कल्याण हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता और महत्व रखता है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ये हादसे तब हुए जब भारतीय नागरिक व्यापारिक जहाजों पर सवार थे, जिन पर संघर्ष प्रभावित जलक्षेत्र में हमला हुआ था। मंत्रालय ने यह भी बताया कि संघर्ष के दौरान खाड़ी क्षेत्र में कई भारतीय घायल भी हुए हैं, जिनमें से एक इजरायल में और एक दुबई में घायल हुआ है।

हताहतों की बात करें तो, हमने दो भारतीय नागरिकों को खो दिया है और एक अभी भी लापता है। हम उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। जयसवाल ने कहा कि मृत्यु और लापता व्यक्ति की घटनाएँ उस समय हुईं जब वे व्यापारिक जहाजों पर थे जिन पर हमला हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि जीसीसी क्षेत्र में कुछ भारतीय भी घायल हुए हैं। एक व्यक्ति इजराइल में घायल हुआ है और दुबई में एक अन्य व्यक्ति के घायल होने की खबरें हैं। विदेश मंत्रालय उनके साथ नियमित संपर्क में है। जयसवाल ने यह भी कहा कि क्षेत्र में सभी भारतीय दूतावास समुदाय के सदस्यों के साथ नियमित संपर्क में हैं और सहायता का समन्वय कर रहे हैं।

## 81 दिनों तक करेंगे यूपी की परिक्रमा, गोरखपुर से शुरूआत- अविमुक्तेश्वरानंद



**यूपी**

**ज्योतिष** पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार (11 मार्च) को बड़ा ऐलान किया. उन्होंने 81 दिनों तक यूपी की परिक्रमा यात्रा की घोषणा किया. इस यात्रा को 'गविष्ठि यात्रा' का नाम दिया. उनकी यात्रा 3 मई से शुरू होकर 23 जुलाई तक चलेगी. ये गोरखपुर से शुरू होगी और गोरखपुर में ही खत्म होगी. उन्होंने कहा कि हम बिल्कुल राजनीति नहीं करेंगे. गाय की रक्षा की बात करेंगे और तथ्य के साथ जनता के सामने रखेंगे.

जहां से शुरू होगी यात्रा, वहीं समापन- शंकराचार्य

शंकराचार्य ने कहा कि परिक्रमा यात्रा जहां से शुरू होगी, वहीं समापन होगा. उन्होंने कहा कि 24 जुलाई को फिर यहीं इकट्ठा होंगे. बरसाती पहनकर खड़े होंगे लेकिन सभा होगी. इसके साथ ही उन्होंने ऐलान किया कि नागा सेना की तर्ज पर चतुरंगिणी का निर्माण होगा।

# अरविंद केजरीवाल ने किया 1 करोड़ लोगों के बेरोजगार होने का दावा



**नई दिल्ली**

देशभर में कमर्शियल गैस की किल्लत से होटलों, रेस्टोरेंट और कई इंडस्ट्री पर भारी असर पड़ा है. इस बीच आम आदमी पार्टी (अअढ) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एकदम से बहुत ज्यादा बेरोजगारी और सरकार की गलती का दावा किया है.

प्रेस कांफ्रेंस के जरिए अरविंद केजरीवाल ने कहा, "इस वक्त देश बहुत गंभीर संकट से गुजर रहा है. पूरे देश में छढञ्च गैस की भारी किल्लत हो गई है. इसका कारण है कि पूरे देश में डेली प्रोडक्शन का 50 फीसदी ही प्रोड्यूस हो रहा है. हमारे देश में एलपीजी की जितनी खपत है उसका 60 फीसदी हम आयात करते हैं. उस 60 फीसदी का 90 परसेंट स्ट्रेट ऑफ होर्मूस से आता है. यह भारत के लिए बंद हो गया. अब देश में केवल 50-55 प्रतिशत एलपीजी ही मिल रही है."

हर राज्य में हजारों होटल हो रहे बंद

आम आदमी पार्टी प्रमुख ने आगे बताया, "इसका सबसे बड़ा खामियाजा रेस्टोरेंट और होटल बर्दाश्त कर रहे हैं. सरकार ने आदेश जारी किया है कि रेस्टोरेंट और होटल को छढञ्च गैस मुहैया नहीं कराई जाएगी. सुरक्षा के मद्देनजर रेस्टोरेंट और होटल इन सिलेंडरों के स्टॉक नहीं रख सकते. उन्हें डेली सिलेंडर सप्लाई किए जाते हैं. अब एकदम से छढञ्च बंद हो गई तो उनके पास दो दिन का भी स्टॉक नहीं है."

इस वजह से मुंबई में 20 फीसदी होटल और रेस्टोरेंट बंद हो गए हैं. अगले तीन दिन में 50 फीसदी होटल बंद होने की आशंका है. तमिलनाडु में 10 हजार होटल बंद होने की कगार पर हैं. पंजाब-दिल्ली में भी हजारों होटल बंद होने जा रहे हैं. यह शादियों का मौसम है. अगर यह जारी रहा तो बहुत सारे लोगों को शादियों की तारीखें आगे बढ़ानी पडेंग़ी. इसी तरह की खबरें बेंगलुरु, हैदराबाद, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, हरियाणा, बिहार, सब जगह से आ रही हैं.

अरविंद केजरीवाल ने कहा, "गुजरात के 'टाइल इंडस्ट्री के कैपिट' मोरबी में, जहां 650 इंडस्ट्री हैं वहां 170 बंद हो चुकी हैं और एक लाख लोग बेरोगजार हो गए हैं. पूरे देश में एक करोड़ से ज्यादा लोगों के एकदम से बेरोजगार होने की आशंका है. एकदम से इतने सारे लोगों के बेरोजगार होने पर क्या स्थिति होगी हम सोच सकते हैं."

भारत में क्यों आया LPG संकट?

अरविंद केजरीवाल ने कहा, "पिछले दिनों में सरकार ने घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर के दाम काफी बढ़ा दिए हैं. जो सरकार ने बढ़ाए वो तो अलग हैं, लेकिन अब मार्केट में जमकर ब्लैक में सिलेंडर बेचे जा रहे हैं. हमें समझना पड़ेगा ये क्यों हो रहा है. इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमला किया. स्ट्रेट ऑफ हॉर्मोस से दुनिया के ज्यादातर तेल और गैस का आवागमन होता है. ईरान ने स्ट्रेट ऑफ हार्मोस पर कब्जा किया हुआ है और कहा है कि जो उनके फ्रेंडली देश हैं, केवल उन्हें ही अपनी शिप लाने ले जाने का अधिकार होगा।

## राजधानी एक्सप्रेस में बड़ी लापरवाही, शाकाहारी यात्री को परोसा नॉनवेज खाना, बिगड़ी तबीयत

**मुंबई**

**दिल्ली** से मुंबई जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस में कैटरिंग स्टाफ की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है. ट्रेन में सफर कर रही एक महिला यात्री को शाकाहारी भोजन की जगह गलती से नॉनवेज खाना परोस दिया गया. बताया जा रहा है कि महिला ने टिकट बुकिंग के दौरान साफ तौर पर वेज भोजन का विकल्प चुना था, लेकिन भोजन मिलने के बाद जब उन्होंने कुछ निवाले खाए तो स्वाद अजीब लगा.

इसके बाद आसपास बैठे यात्रियों ने बताया कि यह नॉनवेज खाना है. यह पता चलते ही महिला की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें आगे का सफर बिना खाना खाए ही करना पड़ा. महिला ने इस पूरी घटना की जानकारी अपने बेटे को दी, जिसके बाद बेटे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी शिकायत कर रेलवे प्रशासन को अवगत कराया.

रेलवे ने महिला यात्री को परोस दिया नॉनवेज खाना

मामला ट्रेन नंबर 22222 मुंबई राजधानी एक्सप्रेस का है. महिला यात्री ने राजेश्वरी देवी ने बताया वह ट्रेन के कोच क्रमांक बी-1 की सीट नम्बर 17 पर सफर कर रही थी।

# दो पक्षों में पुराने विवाद को लेकर जमकर मारपीट, कई घायल







**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** विकास खंड के एक गांव में पड़ोस में रहने वाले दो पक्षों में पुराने विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के पांच पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया।

बुधवार की सुबह सोनू कुशवाहा पुत्र रमेश चंद्र कुशवाहा जो कान से कम सुनता है। वह किराने की दुकान से सामान खरीद कर वापस घर जा रहा था। आरोप है कि उसी समय जितेंद्र कुमार प्रजापति पुत्र दशरथ प्रजापति अपने घर से फावड़ा लेकर निकला तथा गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। आवाज सुनकर सोनू कुशवाहा के पिता रमेश चंद्र कुशवाहा, सोनू का भाई आनंद कुशवाहा, पत्नी रंजना कुशवाहा व मझला भाई राहुल कुशवाहा मौके पर पहुंच गए। प्रथम पक्ष का कहना है कि दूसरे पक्ष से जितेंद्र प्रजापति के साथ वीरेंद्र प्रजापति, धर्मेंद्र, करण, अर्जुन पुत्रगण दशरथ प्रजापति व उनके घर की महिलाएं भी लाठी डंडा लोहे की रॉड, ईंट पत्थर से हमला कर दिया। जिससे सभी को गंभीर रूप से चोटें आई। वहीं राहुल कुशवाहा की पत्नी काजल मौर्या भी मौके पर पहुंची तो उससे भी मारपीट की गई। घटना के बाद एंबुलेंस को आस पास के लोगों ने सूचना दी। एम्बुलेंस पहुंचने पर सभी को इलाज के लिए सीएचसी जसरा अस्पताल ले जाया गया। आनंद कुशवाहा 35 , राहुल राहुल कुशवाहा 33, रंजना मौर्य 32, काजल मौर्य 30, रमेश चंद्र कुशवाहा 60,सोनू कुशवाहा 28 वर्ष घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से जितेंद्र कुमार प्रजापति 32 सुधा प्रजापति 27 पत्नी जितेंद्र,वीरेंद्र कुमार प्रजापति 40 वर्ष,शकुंतला प्रजापति पत्नी 35 वर्ष पत्नी वीरेंद्र कुमार प्रजापति,अर्जुन प्रजापति 28 वर्ष पुत्र गण दशरथ प्रजापति घायल हो गए। दोनों पक्ष थाने पहुंचकर घूरपुर पुलिस को लिखित सूचना दी है। प्रथम पक्ष का कहना है कि दो दिन पूर्व दूसरे पक्ष के दशरथ प्रजापति दरवाजे के पास आकर लघु शंका करने लगा। विरोध करने पर अश्लील तरीके से इशारा करते हुए वह अपने घर चला गया। इसके दो दिन बाद यह घटना हो गई। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। जहां से आनंद कुशवाहा, राहुल कुशवाहा तथा जितेंद्र प्रजापति को गंभीर अवस्था को देखते हुए एस आर एन प्रयागराज अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों का मेडिकल करा दिया गया है। दोनों पक्ष से तहरीर प्राप्त हुई है। दोनों पक्ष के लोगों को चोटें आई है। तहरीर के आधार पर दोनों पक्ष की ओर से सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय तातारगंज से एक्सपोजर विजिट में बच्चे एनटीपीसी लोहगरा के लिए किया प्रस्थान



**जसरा।** बुधवार को पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय तातारगंज से एक्सपोजर विजिट में विद्यालय के बच्चे एनटीपीसी लोहगरा के लिए प्रस्थान किया। इस विजिट में लगभग 80 बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि सभी बच्चे स्कूल से बस द्वारा एनटीपीसी लोहगरा के लिए रवाना हुए। बच्चों को रास्ते में जलपान कराते हुए एनटीपीसी में पहुंच कर वहां की गतिविधियों के विषय में विद्यालय के विज्ञान शिक्षक रवि शिवम द्वारा विस्तार से एक एक चीज की जानकारी दी गई। बच्चे बड़े उत्साह और प्रसन्नचित मानसिकता के साथ भ्रमण का भरपूर आनन्द लिया। स्कूल के सभी शिक्षक बच्चों की खुशी देखकर अति प्रसन्नता व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार द्विवेदी, विज्ञान शिक्षक रवि शिवम द्विवेदी एवं ममता गुप्ता का बहुत बड़ा योगदान रहा।

## पन्द्रह मार्च को महराज भवन कंजासा में लगेगा जमावड़ा, होली मिलन समारोह की तैयारी तेज

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंजासा स्थित महाराज भवन में पन्द्रह मार्च को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम पत्रकार संघ के तत्वावधान में सायं चार बजे से शुरू होगा, जिसमें क्षेत्र के पत्रकारों, गणमान्य लोगों तथा ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों के अनुसार इस बार समारोह को बड़े स्तर पर आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय भजन गायक मित्र बंधु, प्रसिद्ध गायिका मंजिता त्रिवेदी सहित कई कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही राधा-कृष्ण नृत्य कार्यक्रम भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।समारोह की तैयारियों में समाजसेवी मुकेश द्विवेदी, पत्रकार संघ के पदाधिकारी एवं ग्रामीण कई दिनों से जुटे हुए हैं।आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है, जिससे कंजासा में होली मिलन समारोह इस बार विशेष रूप से भव्य रूप में दिखाई देगा।

## महंगाई रोकने में केंद्र व प्रदेश सरकार नाकाम : डॉ. दिनेश सोनी



**करछना।** बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक श्रीमती इंदिरा गांधी विद्यालय जगौती में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. दिनेश कुमार सोनी ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। लगातार बढ़ती महंगाई से गरीब और कमजोर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। किसान, नौजवान, व्यापारी और विद्यार्थी सभी इस सरकार की नीतियों से निराश हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडर के दाम बार-बार बढ़ाकर आम जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। बैठक में शिव विजय सिंह, रंगराज सिंह, सुरेश पटेल, सुरेश शुक्ला, स्याम बाबू भारतीय, महेन्द्र द्विवेदी, आशीष मिश्र एडवोकेट, राजकुमार पटेल दरोगा, रशीद हैदर, रोशन लाल पटेल और पवनेश सोनीसहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### राम चरित मानस भगवान श्री राम का अक्षराकार शरीर है-कथा व्यास पं निर्मल कुमार शुक्ल



**करछना।** गोस्वामी तुलसीदास द्वारा विरचित अमर ग्रंथ रामचरितमानस विश्व साहित्य का मुकुट मणि है। संसार की समस्त समस्याओं का समाधान इस ग्रंथ में निहित है। रामायण भगवान श्रीराम का अक्षराकार श्री विग्रह है। उक्त बातें अखिल भारतीय प्रेम मानस प्रचार समिति कबरा की ओर से गांव स्थित विशाल वट वृक्ष के नीचे चल रही संगीतमय पांच दिवसीय श्री राम कथा के पहले दिन बुधवार को महाराष्ट्र के मानस महारथी कथा व्यास पं निर्मल कुमार शुक्ल ने कहा। उन्होंने बताया कि शास्त्रों में भगवान की अनेक प्रकार की मूर्तियों की चर्चा आई है। जिसमें पाषाण मूर्ति, रत्नाकार मूर्ति, चित्राकार विग्रह ,मृत्तिकाकार विग्रह, दारु विग्रह ,रेणुकाकार विग्रह आदि का वर्णन शामिल है।राम चरित मानस वैसे ही भगवान श्री राम का अक्षराकार विग्रह है। जिसमें बाल कांड चरण, अयोध्या काण्ड कमर ,अरण्य काण्ड पेट, किष्किंधा कांड हृदय, सुंदर काण्ड गला,लंका काण्ड मुख, और उत्तर काण्ड सिर है। दूसरे कथा व्यास मानसमर्मज्ञ पं बरम दीन तिवारी ने श्री रामचरितमानस का मानव जीवन में महत्व को बताते हुए प्रभु श्री राम के आदर्शों का गुणगान किया। और लोगों से कथा श्रवण पर बल दिया। बताया कि कथा से मानव की सारी व्यथा दूर हो जाती है। कथा के मुख्य श्रोता यजमानों में राज नारायण मिश्र, संजय मिश्र,राम सजीवन यादव, राममूर्ति यादव ,रमाशंकर मिश्र आदि की ओर से कथा व्यास का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया। वही वाद्य संगीतज्ञ गायक कलाकारो में चंद्र मिलन पयासी ,चंदन चौबे, प्रद्युम्न पाठक आदि की ओर से भक्ति भजनों की प्रस्तुतियां भी हुई।संचालन कृष्ण प्रकाश तिवारी व अधिवक्ता प्रकाश चंद्र पांडेय की ओर से किया गया। आयोजक व संयोजक समिति के प्रकाश पांडेय, प्रबंधक विद्याधर मिश्र, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

### प्रभु का प्राकट्य होते ही गूंजे राम-कृष्ण के जयकारे, भक्त प्रहलाद व ध्रुव चरित्र का हुआ भावपूर्ण वर्णन




**सहसों।** श्री रामचरितमानस सम्मेलन समिति सहसों के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य श्री सतानंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं को विभिन्न दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण श्रवण कराया। कथा के दौरान उन्होंने भगवान शिव विवाह, भक्त ध्रुव चरित्र, भक्त प्रहलाद की भक्ति, दैत्यराज हिरण्यकश्यप का उद्धार, भगवान वामन अवतार द्वारा राजा बलि का उद्धार तथा भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के प्राकट्य के प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। कथा व्यास आचार्य सतानंद जी महाराज ने कहा कि प्रत्येक सनातनी माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को भक्त ध्रुव और भक्त प्रहलाद की तरह संस्कारित, आदर्शवान और चरित्रवान बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार, शिष्टाचार और भगवान के प्रति भक्ति की भावना सिखाई जानी चाहिए। बचपन में किए गए अच्छे कर्म ही जीवन के आगे के पड़ाव में सार्थक सिद्ध होते हैं और मनुष्य को सद्गति की प्राप्ति कराते हैं। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य का प्रसंग आया, पूरा पंडाल राम-कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर यजमानों द्वारा भगवान के बाल स्वरूप की मनोहारी झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के उपरांत यजमान राकेश तिवारी, आशीष केसरवानी, सतीश केसरवानी, मनीष केसरवानी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी। तत्पश्चात उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अरविंद केसरवानी, अक्षय केसरवानी, शिवाकांत तिवारी, राजेंद्र केसरवानी, अमन प्रकाश केसरवानी, इंजीनियर मनोज प्रजापति, सियाराम मौर्य, शिव बाबू केसरवानी, सत्यम केसरवानी, राजा केसरवानी, भानु प्रताप सिंह, बबलू केसरवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

# सम्पा हॉस्पिटल में मारपीट का आरोप, पीड़ित ने सीएमओ से की कार्रवाई की मांग

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी अभिषेक यादव पुत्र अमर सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज को प्रार्थना पत्र देकर सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों बाईपास रोड स्थित सम्पा हॉस्पिटल के स्टाफ और कुछ अज्ञात लोगों पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है।

अभिषेक यादव के अनुसार उन्होंने अपनी चाची कुसुम देवी को ऑपरेशन के लिए 6 मार्च को उक्त हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। उनका कहना है कि ऑपरेशन के बाद मरीज की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें लगातार तेज दर्द की शिकायत होने लगी। इस संबंध में उन्होंने कई बार हॉस्पिटल के स्टाफ को जानकारी दी, लेकिन उनकी शिकायत पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। अभिषेक का आरोप है कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उन्हें डॉक्टर से बात नहीं कराई गई और न ही मरीज की उचित देखभाल की गई। इसके बाद उन्होंने इस मामले की शिकायत पोर्टल पर दर्ज कर दी। आरोप है कि शिकायत करने के कुछ देर बाद ही हॉस्पिटल के एक डॉक्टर का फोन आया, जिसमें उन्हें धमकी दी गई। पीड़ित का कहना है कि इसके कुछ ही देर बाद पांच से सात अज्ञात लोग हॉस्पिटल पहुंचे और उनके साथ मारपीट की। इस दौरान उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया। पीड़ित अभिषेक यादव ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मामले की जांच कर अस्पताल संचालक और संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# एसडीएम व तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं का रोष, स्थानांतरण की मांग




**करछना।** तहसील करछना में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और अधिकारियों के व्यवहार को लेकर अधिवक्ताओं का विरोध जारी है। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी प्रयागराज को ज्ञापन सौंपकर उप जिलाधिकारी करछना और तहसीलदार करछना के स्थानांतरण की मांग की है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि 7 मार्च 2026 को एडीएम विनोद सिंह की मौजूदगी में बार पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई थी, लेकिन एक माह से न्यायिक कार्य से विरत अधिवक्ताओं की मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसके अलावा कई बैठकों के बावजूद तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जा सकी। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि 9 मार्च को उप जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को बुलाकर जबरन न्यायालय चलाने का प्रयास किया, जिससे अधिवक्ताओं में नाराजगी और बढ़ गई। वहीं तहसीलदार पर अधिवक्ताओं के साथ अभद्र टिप्पणी और अपमानजनक व्यवहार करने का भी आरोप लगाया गया है।अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक उप जिलाधिकारी और तहसीलदार करछना का स्थानांतरण नहीं किया जाता, तब तक वे न्यायिक कार्य में सहयोग नहीं करेंगे। इस मुद्दे को लेकर अधिवक्ताओं में रोष बना हुआ है।

## नारायनपुर में कांग्रेस की ह्यमनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल, जी राम जी योजना का किया विरोध



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार द्वारा ह्यमनरेगा बचाओ संग्राम चौपालह्न कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को नारायनपुर गांव में किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए मनरेगा योजना को जारी रखने और प्रस्तावित जी राम जी योजना को वापस लेने की मांग की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार जनता का ध्यान मूल समस्याओं से हटाने के लिए ध्यान भटकाने की राजनीति करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा योजना के माध्यम से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों, खासकर महिलाओं को 100 दिनों का रोजगार मिलता था, जिससे गरीब परिवारों की रोजी-रोटी चलती थी और रोजगार की गारंटी सुनिश्चित होती थी। उन्होंने कहा कि नई जी राम जी योजना से गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के लोगों को रोजगार मिलने के बजाय भाजपा के करीबी लोगों को लाभ मिलने की आशंका है। कांग्रेस पार्टी इस योजना का कड़ा विरोध करती है और इसकी तत्काल वापसी की मांग करती है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीबों को रोजगार की गारंटी दे सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव सुनील पांडेय ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह, डॉ. अमर सिंह पटेल, सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, मोहम्मद फारूक, रितेश पासी, सुरेश पटेल, मोहम्मद शमीम, आयुष पांडेय, राजाराम विश्वकर्मा, सुधीर विश्वकर्मा, ननकू राम भारतीय, नेहा भारतीय, विमला देवी, गीता देवी, रीना देवी, कमला देवी सहित अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## होली प्रेम, भाईचारे, सामाजिक समरसता का त्योहार : शरद सिंह



**जंघई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मंडल कार्यवाह जंघई आयुष जायसवाल के आवास पर व्यापार मंडल जंघई का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, युवा साथी और समाज के गणमान्य जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौकी इंचार्ज जंघई शरद सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे, सामाजिक समरसता और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी आत्मीयता और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। इस अवसर पर महेंद्र कुमार जायसवाल, संजय जायसवाल, विवेक जायसवाल, राजू भाईसाहब, विनोद जायसवाल, मेही लाल, विनय जायसवाल, सुनील जायसवाल, आशुतोष, सुजीत जायसवाल, मनीष जायसवाल, किशन पाठक शैलेश पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

# सहसों में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न, विकास योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए गए निर्देश




**सहसों।** विकास खंड सहसों के सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक क्षेत्र पंचायत प्रमुख गीता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ हुई। इसके बाद वर्ष 2026झ27 की जिला योजना एवं क्षेत्र पंचायत विकास योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जल जीवन मिशन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रमुख गीता सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही बैठक में योजना के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई। अंत में क्षेत्र पंचायत प्रमुख ने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों द्वारा अपने-अपने प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए।

बैठक में खंड विकास अधिकारी रामवीर सिंह पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, सांसद फूलपुर के प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू, विजय कुमार गुप्ता, गिरीश चंद्र पांडेय, संजय सिंह, आशुतोष, आसमा सिंह, सरिता पाल, शशी यादव, राम बहादुर, अजय पांडेय, विजय बहादुर, अंजनी, कामरान, इन्द्रपति यादव, प्रताप बहादुर सिंह, प्रदीप यादव, कृष्ण कुमार चौरसिया, सुभाष मिश्रा, बृजेश कुमार पांडेय, दीपक वर्मा सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रा को तेज रफ्तार बाइक सवार ने मारी थी टक्कर

**थरवई।** थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत सहजीपुर गांव समीप स्कूल से आ रही छात्रा अपनी मां के साथ घर आ रही थी तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्रा को गंभीर चोटें आयीं। जिसका इलाज भी चल रहा था। बाइक की जोरदार टक्कर से छात्रा का दाहिना हाथ फैक्चर हो गया और सिर व पेट में भी चोट पहुंची। मामला बीते 23 फरवरी 2026 को दोपहर करीब ढाई बजे के आस - पास घटना हुई थी। जिसका निरंतर इलाज चल रहा था सिर में गंभीर चोट लगने के कारण दिमाग में रक्त जाम हो जाने से मानसिक संतुलन पूरी तरह से कार्य नहीं कर रहा था। पिता मनोज कुमार चौरसिया ग्राम सहजीपुर थाना थरवई प्रयागराज के रहने वाले हैं जिनकी बेटी महेक चौरसिया अपनी मां के साथ स्कूल से घर आ रही थी। पीड़ित पिता की तहरीर पर इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**बेदखली सूचना**

मैं राम आधार, पुत्र गणपत, निवासी ग्राम फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर, थाना बहरिया, जनपद प्रयागराज (उ.प्र.) अपने पूरे होशो हवास एवं स्वस्थ चित्त से यह घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र सूरज कुमार ने परिवार की इच्छा के विरुद्ध करिश्मा से विवाह किया है।उनका व्यवहार मेरे व परिवार के प्रति अनुचित होने के कारण मैं अपने पुत्र सूरज कुमार व उसकी पत्नी करिश्मा को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।अब से इन दोनों का मेरी किसी भी संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं होगा। इनके किसी भी लेन-देन या कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**राम अधार पुत्र गणपत निवासी फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर, थाना बहरिया, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मूल विलेख दिनांक 24-03-2003, जिसका पंजीयन संख्या 573, पुस्तक संख्या-1, जिल्द 3774, पृष्ठ 163/172, संख्या 3238 अंकित है। सचमुच खो गया।
**नामः अनीता साह पत्नीः बसंत साह**
**पताः 83एल/1के/क्यू/पी हरवारा, धूमनगंज, प्रयागराज-211011**

# कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : राजेश शुक्ल

उपमुख्यमंत्री के कार्यकर्ता मिलन समारोह को लेकर विधानसभा बारा की बैठक सम्पन्न

## गौहनिया में मंडल पदाधिकारियों संग बैठक कर जिलाध्यक्ष ने सौंपी जिम्मेदारियां

**अखंड भारत संदेश**




**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने बुधवार को विधानसभा बारा क्षेत्र के गीता ज्ञान मंदिर गौहनिया में मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर 15 मार्च 2026 दिन रविवार को प्रातः 10 बजे परेड ग्राउंड मैदान प्रयागराज में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता मिलन समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा आमंत्रण पत्र भी वितरित किए गए।

बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ता मिलन समारोह संगठन की एकता व मजबूती का प्रतीक होगा। उन्होंने सभी मंडलों से अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरवाने तथा मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, दिनेश प्रजापति, अखिलेश सिंह पटेल, बंदना सिंह, आशीष पाल, मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय, राजमणि पासवान, सुभाष सिंह पटेल, कुशल जैन, रत्नाकर सिंह पटेल, वीरेंद्र शुक्ल, प्रदीप पांडे, आनंद तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधान जंघई का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**जंघई।** 30 वर्षों तक जंघई के प्रधान रहे पंडित चंदन प्रसाद दुबे उम्र करीब 100 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। बुधवार को ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों, रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया क्षेत्र में उनके चाहने वालों में शोक की लहर है। समाचार सुनकर लोग स्तब्ध हो गए अत्यंत मृद्धाभाषी सामाजिक मिलनसार व्यक्तित्व के इंसान थे। परिजनों में जय प्रकाश दुबे, राजेंद्र दुबे, सुशील दुबे सेवानिवृत तहसीलदार, अरूण दुबे, यजुवेंद्र दुबे पूर्व पार्षद सूरत, सुनील दुबे, शैलेंद्र दुबे, दिलीप दुबे, धर्मेंद्र दुबे, जितेंद्र दुबे, सौरभ दुबे, विकास दुबे, अजय दुबे, आनंद दुबे एडवोकेट प्रयागराज, सूरज दुबे आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

## राचनपुर बघेड़ी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हनुमानगढ़ी, राचनपुर बघेड़ी ग्राम सभा में स्थापित हनुमान मंदिर पर दसवां प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव समारोह को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अखण्ड रामायण पाठ आरती, महाप्रसाद का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया इस भव्य भक्तिमय कार्यक्रम के अवसर पर समस्त हनुमानगढ़ी के भक्तगण एवं सभी ग्रामवासी तथा क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# महिला जनसुनवाई में 50 शिकायतें पहुंचीं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा ने बुधवार को सर्किट हाउस में आयोजित महिला जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, अवैध कब्जा, पुलिस और साइबर अपराध से जुड़े करीब 50 प्रकरण सामने आए। कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में चाका गोसाई का तालाब, नैनी की रहने वाली शर्मिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ना और मारपीट का आरोप लगाया। इस मामले में दोनों पक्षों को 19 मार्च को महिला आयोग, लखनऊ में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। वहीं करैलाबाग की कल्लो देवी ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर संबंधित थाने को कार्रवाई कर आयोग को अवगत कराने को कहा गया।

लाला की सराय, शिवकुटी की रचना कुमारी ने मोहल्ले के लोगों द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की। करेली की मन्नो बानो ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। दोनों मामलों में संबंधित थानाध्यक्षों को जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। वहीं पुराना कटरा की राखी जायसवाल ने किरायेदार से दुकान खाली कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

सदस्या ने अधिकारियों से कहा कि थानों में आने वाली महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और छोटे मामलों का निस्तारण थाने स्तर पर ही किया जाए, ताकि पीड़ितों को कोर्ट के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं से जुड़ी योजनाओं और सहायता राशि के वितरण की प्रगति रिपोर्ट भी मांगी।

इस दौरान अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम दिग्विजय सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले सदस्य ने जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सर्वोदय विद्यालयों में कक्षा 6 से 9 तक रिक्त सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा 22 मार्च को

### डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक, अधिक छात्रों वाले केंद्रों के लिए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र बनाने के निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिले के जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों और बालिका विद्यालय में कक्षा 6, 7, 8 और 9 की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 22 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में बुधवार को एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रवेश परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) प्रयागराज के प्राचार्य द्वारा तैयार कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सुरवल सहनी और बालिका विद्यालय कौड़िहार में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में नजदीकी विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाया जाए। वहीं, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय खाई करछना और कोरांव में प्रवेश परीक्षा उसी विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण निदेशक के निर्देश के अनुसार जिन जिलों में 14 और 15 मार्च को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा होनी है, वहां सर्वोदय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 22 मार्च को कराई जाएगी। इसी क्रम में प्रयागराज के जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सुरवल सहनी, कोरांव, खाई करछना तथा बालिका विद्यालय कौड़िहार में 22 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# बोलेरो की टक्कर से बालिका गंभीर रूप से घायल

### सड़क पार करते समय हुआ हादसा, प्रयागराज रेफर




**पसना।** कोरांव थाना क्षेत्र के पसना गांव में आज शाम एक सड़क हादसे में सात वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। बालिका हैंडपंप से पानी पीकर सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी।

घायल बालिका की पहचान मेजा तहसील के हरगढ़ गांव निवासी मुकेश कुमार की सात वर्षीय पुत्री पल्लवी के रूप में हुई है। पल्लवी होली के त्योहार पर अपनी मां पुष्पा के साथ पसना (भूदान) में अपने नाना स्वामीशरण कोल के घर आई हुई थी।

यह घटना शाम लगभग 4:00 बजे हुई। पल्लवी कुछ अन्य बच्चियों के साथ अपने ननिहाल से थोड़ी दूर सड़क पर स्थित हैंडपंप पर पानी पी रही थी। पानी पीने के बाद जैसे ही वह सड़क पार करने लगी, कोरांव से मेजा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पल्लवी को उठाया और बाइक से कोरांव के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक गाड़ी सहित मौके से मेजा की ओर फरार हो गया।

सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने बालिका की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर एंबुलेंस उपलब्ध न होने के कारण परिजन एक निजी वाहन से बालिका को लेकर जिला अस्पताल के लिए रवाना हुए। परिजनों ने अभी तक पुलिस को इस घटना की सूचना नहीं दी है। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

# छात्रों में बौद्धिक संपदा अधिकार की जागरूकता जरूरी : न्यायमूर्ति सुधीर नारायण

### यूपी राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में आईपीआर पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में बुधवार को बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने कहा कि बौद्धिक संपदा को वैश्विक स्तर पर सुरक्षित करने के लिए व्यापक कानूनी बदलाव की आवश्यकता है। भारत में बौद्धिक संपदा से जुड़े जो नियम लागू हैं, वे अभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूर्ण रूप से मान्य नहीं हैं।उन्होंने कहा कि भारत में आईपीआर को लेकर अभी तक कोई समग्र अधिनियम नहीं बनाया गया है। जिस प्रकार कॉपीराइट के लिए अलग कानून मौजूद है, उसी प्रकार की व्यवस्था बौद्धिक संपदा अधिकार के लिए भी विकसित की जानी चाहिए। विश्वविद्यालयों को इस दिशा में पहल करते हुए छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की विधि विद्या शाखा की प्रोफेसर मानसी शर्मा ने कहा कि बौद्धिक संपदा के प्रति समाज में व्यापक स्तर पर जागरूकता की जरूरत है। मनुष्य द्वारा की गई हर मौलिक रचना और सृजन उसकी बौद्धिक संपदा होती है, जिसे विधिक संरक्षण देना ही आईपीआर का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित रखते हुए उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही पारंपरिक और अर्जित ज्ञान को डिजिटल माध्यमों में संरक्षित करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि भारतीय परंपरा में बौद्धिक संपदा का उपयोग सदैव जनकल्याण के लिए किया जाता रहा है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों के पास अपार ज्ञान था, लेकिन उसका उद्देश्य व्यवसाय नहीं बल्कि समाज का कल्याण था। पश्चिमी सभ्यता में ज्ञान और विद्या का संबंध व्यवसाय से जुड़ने के बाद इसका विस्तार हुआ।

उन्होंने कहा कि नई तकनीकों के विकास और उनके उपयोग के साथ आईपीआर को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए मौजूदा कानूनों और नियमों का पालन करते हुए स्रोतों का उचित संदर्भ देना भी आवश्यक है।

उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने किया, जबकि विषय प्रवर्तन प्रोफेसर जे.पी. यादव ने किया। कार्यशाला का संचालन डॉ. गौरव संकल्प ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सतीश चन्द्र जैसल ने दिया। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र भी प्रस्तुत किए।

# राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सेपक टकरा प्रयागराज के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

### प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मेजबान अयोध्या मंडल को हराकर स्वर्ण पदक पर जमाया कब्जा

**जूनियर बालक वर्ग के इस प्रतियोगिता में शामिल मेजा के सभी होनहार खिलाड़ियों के उत्कर्ष प्रदर्शन पर बीईओ मेजा कैलाश सिंह और शिक्षक नेता अवनीश मिश्रा ने जाहिर की प्रसन्नता,टीम कोच और व्यायाम शिक्षक को दी बधाई किया उज्जवल भविष्य की कामना**

**अखंड भारत संदेश**



प्रतियोगिता में परचम लहराने के बाद ग्राउंड पर बैठे खिलाड़ी साथ में खड़े कोच व अन्य शिक्षक गण

**मेजा।** अयोध्या में आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के फाइनल में नवीन खेल सेपक टकरा में प्रयागराज मंडल ने मेजबान अयोध्या मंडल को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उल्लेखनीय है कि जूनियर बालक वर्ग के इस खेल में सभी बच्चे विकास खंड मेजा से रहे। प्रतियोगित के दौरान अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों और उनके कोच अनिकेत जायसवाल तथा ब्लाक व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पांडेय को खंड शिक्षाधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया है। इसी क्रम में शिक्षक नेता अवनीश मिश्रा ने भी मेजा के इन होनहार खिलाड़ियों के प्रति खुशी जाहिर किया और इसे खंड बीईओ मेजा की प्रेरणा,ब्लॉक व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पांडेय कुशल नेतृत्व,कोच अनिकेत जायसवाल की प्रतिबद्धता और बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया है। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी ने भी मेजा की टीम को शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि आयोजन स्थल पर व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पांडे, कोच अनिकेत जायसवाल के अलावा शिक्षक अशोक तिवारी, वीरेंद्र गौड़, इशरत परवीन भी टीम के साथ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम करने में बड़ी उपलब्धि हासिल किया है।

## नए यमुना पुल से महिला ने लगाई छलांग: रेस्क्यू के बाद भेजा अस्पताल, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**प्रयागराज।** बुधवार को नए यमुना पुल से एक 42 वर्षीय महिला ने यमुना पुल से नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद मौके पर मौजूद रहे लोगों ने शोर मचाया तो काफी भीड़ जुट गई। पुल के नीचे ड्यूटी पर तैनात रही जल पुलिस और पीएसी के जवानों ने तत्काल रेस्क्यू कर महिला को नदी से बाहर निकाला और एसआरएन अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान ज्योति शुक्ला 42 वर्ष पत्नी स्वर्गीय प्रदीप शुक्ला निवासी चक लाल मोहम्मद नैनी के रूप में हुई है। महिला के परिजनों को जानकारी दी गई। इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। फिलहाल महिला के खुदकुशी करने का कारण स्पष्ट अभी नहीं हो सका है। कीडगंज थाना प्रभारी सुशील दुबे ने बताया कि महिला के पुल से कूदने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच के इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है। कि महिला के पति की पहले ही मौत हो चुकी है।

# मेजा के लाल आकाश तिवारी ने राष्ट्रीय स्तर पर जिम्नास्टिक खेल स्पर्धा में लहराया परचम

### आकाश ने दो गोल्ड एक सिल्वर और एक ब्रांज मेडल जीत कर न सिर्फ क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया बल्कि पूरे प्रयागराज का बढ़ाया गौरव

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** राष्ट्रीय स्तर पर खेली गई जिम्नास्टिक खेल स्पर्धा में मेजा के कठौली जनवार के लाल आकाश तिवारी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दो गोल्ड एक सिल्वर और एक ब्रांज मेडल जीत कर न केवल क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे प्रयागराज का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि आकाश तिवारी यह उपलब्धि अमृतसर इंटर कालेज यूनिवर्सिटी के गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी कैम्पस में आयोजित जिम्नास्टिक खेल स्पर्धा के दौरान हासिल किया है। गौरतलब है कि आकाश तिवारी की इस अहम एवं गौरवमई सफलता पर परिवार में जहां जश्न का माहौल है वहीं उनके सगे संबंधियों और ईष्ट मित्रों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। आकाश के पिता मूलचंद्र तिवारी तथा अन्य परिजनों ने बेटे की इस कामयाबी पर प्रसन्नता जाहिर किया है।

# छेड़खानी के आरोप में शिक्षक को बंधक बनाकर पीटा, कई धाराओं में मुकदमा दर्ज

### सराय इनायत क्षेत्र की घटना, शिक्षक ने बताया चुनावी रंजिश का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के एक गांव में छेड़खानी के आरोप में ग्रामीणों ने एक शिक्षक को पकड़कर बंधक बना लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। पुलिस ने मामले में आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार गांव के कुछ लोगों ने एक शिक्षक पर युवती से छेड़खानी का आरोप लगाते हुए उसे पकड़ लिया। आरोप है कि ग्रामीणों ने शिक्षक को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की और सार्वजनिक रूप से अपमानित भी किया। घटना की चर्चा पूरे इलाके में होती रही।कानून के जानकारों का कहना है कि किसी भी व्यक्ति पर आरोप लगने की स्थिति में कार्रवाई का अधिकार केवल पुलिस और कानून को है। किसी को पकड़कर बंधक बनाना और उसकी पिटाई करना स्वयं में गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी शिक्षक सुजीत कुमार सिंह के खिलाफ छेड़छाड़, एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।वहीं शिक्षक का कहना है कि वह अपने रास्ते से जा रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उन्हें पकड़कर मारपीट की। उन्होंने छेड़छाड़ के आरोपों को निराधार बताते हुए इसे गांव की चुनावी रंजिश का परिणाम बताया है।पुलिस के अनुसार मामले की जांच एसीपी थरवई द्वारा की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खुसरोबाग प्रयागराज में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र, खुसरोबाग प्रयागराज में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत औद्यानिक फसलों के उत्पादन प्रबंधन, संरक्षित खेती तथा मशरूम उत्पादन तकनीक पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।उद्घाटन सत्र में डॉ. सिंह ने बताया मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉक्टर वीरेंद्र सिंह द्वारा कम जोत के आकार को देते हुए आम अमरूद एवं अन्य फलदार पौधों की सघन बागवानी तथा उसके लाभ एवं कनोपी प्रबंधन फसल सुरक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई सब्जियों की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है।साथ ही ये भी बताया गया की वर्तमान समय मे शाकाहारी व्यक्तिओ के लिए समुचित पोषण सुनिश्चित करने के लिए तथा पढ़े लिखे नौजवानों के लिए स्वरोजगार स्थापित करने की दृष्टि से मशरूम उत्पादन का विशेष महत्व हैऐसे में किसान मशरूम उत्पादन अपनाकर एक अच्छा रोजगार प्राप्त कर सकते हैं और अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में डॉ. एस. आर. बघेल, सीईओ शुभ सेवा एग्रो वेलफेयर फाउंडेशन, लखनऊ ने मशरूम की विभिन्न प्रजातियों विशेष रूप से ओयस्टर, बटन एवं मिल्की मशरूम की विशेषताओं तथा उनके बाजार मूल्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि मशरूम सब्जियों की पूर्ति का एक महत्वपूर्ण साधन है। मशरूम पूर्णतः शाकाहारी एवं उच्च पोषणयुक्त आहार है, जिसका उपयोग पौष्टिक सब्जियों के रूप में किया जाता है।तकनीकी सत्र में मशरूम प्रसंस्करण विशेषज्ञ कुमारी ईशा ने मशरूम से बनने वाले विभिन्न मूल्य संवर्धित उत्पादों जैसे बर्गर, नमकीन, अचार, बिस्किट आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन उत्पादों के निर्माण से किसान और उद्यमी अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।केंद्र के प्रशिक्षण प्रभारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को तकनीकी जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक कार्यों के माध्यम से भी प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन इकाइयों का भ्रमण भी कराया जाएगा, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके।

## न्यूज झरोखा

### करछना-कौंधियारा में गैस संकट गहराया, सिलेंडर आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण परेशान

**प्रयागराज।** यमुनापार के करछना, कौंधियारा और जारी क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। कई गांवों के उपभोक्ता गैस एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं और रसोई का कामकाज प्रभावित हो रहा है। करछना क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ठप होने से क्षेत्र के अकोढ़ा, गौरा, जोखनई, पीड़ी, टीकरी, आम्बा, कौंधियारा, जारी सहित आसपास के कई गांवों के उपभोक्ता परेशान हैं। गैस न मिलने के कारण लोगों को रोजमर्रा के कामकाज में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जारी, कौंधियारा, मिश्राबाध, लोटाढ़, सेमारी, गन्ने, डांडो, तेलघना, चामू, गढ़ैया कला, गढ़ैया खुर्द और मैदा समेत कई गांवों के लोगों का कहना है कि कई दिनों से एजेंसी पर सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। लोग सुबह से लाइन में लगकर गैस का इंतजार करते हैं, लेकिन कई बार खाली हाथ लौटना पड़ता है। वहीं कौआ, भरहरा और रौहां-जोखनई सहित कई स्थानों पर गैस वितरण वाहन भी नदारद रहने की शिकायत सामने आई है। कुकुढ़ी गांव निवासी प्रदीप दुबे का कहना है कि कई दिनों से गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। एजेंसी के चक्कर लगाकर लोग परेशान हो चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा। वहीं जोखनई गांव निवासी रामसुन्दर ने बताया कि गैस की कमी के कारण लोगों को खाना बनाने में भी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं और कई परिवार लकड़ी व चूल्हे का सहारा लेने को मजबूर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और ईंधन आपूर्ति में आई बाधाओं के चलते देशभर में एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसी के तहत केंद्र सरकार ने घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए दो बुकिंग के बीच 25 दिनों का अनिवार्य अंतर तय किया है तथा अस्पतालों को गैस आपूर्ति में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने प्रशासन से जल्द गैस आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### जब तक मांगे पूरी नही होगी, हड़ताल हमारी जारी रहेगी, बारा के अधिवक्ताओं ने सभी न्यायालयों के कार्य का किया बहिष्कार




**बारा प्रयागराज।** बुधवार से बार एसोसिएशन बारा के मंत्री और कोषाध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने बारा के सभी न्यायालयों का बहिष्कार किया। मंत्री ने कहा कि मांगे पूरी होने तक कार्य बहिष्कार हड़ताल जारी रहेगी। बारा के अधिवक्ताओं ने एक सप्ताह पहले ही अपनी विभिन्न विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन के अनुसार विभिन्न न्यायालयों में विभिन्न प्रकार के वादों का समय से निस्तारण नहीं होना और आदेश आरक्षित किए जाने के बावजूद समय से निर्णय सार्वजनिक न करने आदि आरोप लगाया गया है। बुधवार को अधिवक्ताओं ने न्यायालयों का बहिष्कार कर तहसील प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान एसडीएम द्वारा नहीं किया गया तो अधिवक्ता लगातार आंदोलन को बाध्य होंगे। इस अवसर पर मंत्री अनिल कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी, रूपेश त्रिपाठी, बृजेश द्विवेदी,राजन पांडेय, राकेश त्रिपाठी, प्रदीप मिश्र, प्रमोद त्रिपाठी, अजय कुमार त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।कार्य बहिष्कार पत्र में अध्यक्ष का हस्ताक्षर न होना चर्चा का विषय रहा।

### राजन महाराज की कथा हेतु जंघई बाजार में किया जनसंपर्क



**जंघई।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा का आयोजन 28 मार्च से 5 अप्रैल तक कथा स्थल देवबरा धाम, पिपरी, धनूपुर प्रयागराज में आयोजित किया गया है। जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज के कृपापात्र अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करेगें राजन जी महाराज की होने वाली कथा के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। राजन जी महाराज की यह कथा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है, जिसमें वे भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। तैयारी का स्तर यह दशार्ता है कि आयोजन को सफल बनाने के लिए देवबरा धाम निवासी कथा के संयोजक राधे मोहन पांडेय एवं उनके अनुज विकास पांडेय सहित बड़ी संख्या में सहयोगियों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को जंघई बाजार में डाक्टर रविंद्र पांडेय के नेतृत्व में समाजसेवी बाबा तिवारी प्रमोद गुप्ता प्रधान, मनोज दुबे, दशरथ शुक्ला आयुष जायसवाल, अंशुमान शुक्ला, धीरज मिश्रा, विक्की जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, शैलेष पाठक, प्रदीप यादव, बंटी जायसवाल, शिवम पांडेय, अनुराग मिश्रा निशांत तिवारी, हर्ष जायसवाल, आदर्श शुक्ला, संतोष तिवारी, राजन पांडेय आदि लोगों ने जंघई बाजार में निमंत्रण पत्र सौंपा और अधिक से अधिक लोगों को कथा श्रवण करने हेतु पहुंचने की अपील किया।

### भारतगंज में रोजा इफ्तार, हिंदू-मुस्लिम साथ आए



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत नगर पंचायत भारतगंज में पवित्र रमजान माह के दौरान इबादत और रोजा-इफ्तार का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में बुधवार शाम नगर पंचायत भारतगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर भाई शकील टंकी ने नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक वृहद रोजा-इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए, जिन्होंने आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। इफ्तार से पहले सभी उपस्थित लोग सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत करते रहे। अजान होते ही रोजेदारों ने खजूर, पानी, फल और अन्य व्यंजनों के साथ अपना रोजा खोला। इसके उपरांत, सभी ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी सौहार्द कायम रहने के लिए दुआ मांगी। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष के ससुर शकील अहमद ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना इबादत, सब्र और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि यह महीना लोगों को आपसी प्रेम, सहिष्णुता और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है। शकील अहमद ने ऐसे सामूहिक इफ्तार कार्यक्रमों को समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण बताया। इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों की उपस्थिति ने क्षेत्र में कायम आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर चमन, जावेद, डॉ.सनाउल्ला खां,मुस्ताक लुल्ली और डब्बू केशरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दी मधुर - मधुर प्रस्तुतियाँ



**थरवई।** विकास खंड सोरांव अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हरिरामपुर में बड़े ही भव्य तरीके से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजन में बच्चों की मधुर - मधुर प्रस्तुतियाँ रहीं। बच्चों ने डांस, गानों से दी प्रस्तुति जिसमें उपस्थित सभी का मन मोह लिया। उसी क्रम में कक्षा 5 वीं के छात्र - छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका ने अपने सम्बोधन में बतलाया कि आज के बच्चे ही एक दिन देश का भविष्य होंगे और अपने विद्यालय व माता पिता सभी का नाम गर्व से ऊँचा करेंगे। वहीं विदाई समारोह कार्यक्रम में कक्षा 5 वीं को उन्हें सम्मान के साथ उनकी भव्य विदाई की गई। वहीं यह भी कहा अब 5 वीं के बच्चों का शिक्षा के क्षेत्र में आगे की कक्षा में जायेंगे और प्रवेश लेंगे। बच्चों को उनके सम्मान में उन्हें शिक्षण सामग्री भी भेंट करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या केशरा वर्मा टीचर्स में सहा अध्यापिका चित्रा गुप्ता, अनीता कुमारी, निशा सिंह प्रशिक्षु - किरन, शिवांगी आदि सभी मौजूद रहते हुए बच्चों का तालियों के साथ उत्साह वर्धन बढ़ाते रहे।

# खराब प्रगति पर एक ग्राम पंचायत अधिकारी के निलंबन के निर्देश, कई अधिकारियों पर कार्रवाई

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा विकास भवन सभागार में जनपद के समस्त विकास खण्डों के अधिकारियों के साथ विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान गौशाला पूलिंग की धनराशि, वित्त आयोग योजनाओं के तहत व्यय, फार्मर रजिस्ट्री, अर्पूण आवास, जल संचयन-जल भागीदारी, जीरो पावर्टी, फैमिली आईडी, वृक्षारोपण की अग्रिम तैयारी, मनरेगा के तहत श्रमिकों का नियोजन, ई-केवाईसी तथा अन्नपूर्णा भवन व आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की सचिववार समीक्षा की गई।

बैठक में विकास खण्ड लक्ष्मणपुर में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अरविन्द यादव की प्रगति कई बिन्दुओं पर अत्यंत खराब पाई गई। जल संचयन-जल भागीदारी, विद्यालयों में कायाकल्प, मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी, श्रमिक नियोजन तथा युक्तधारा के अंतर्गत वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना अपलोड न होने जैसे मामलों में संतोषजनक जवाब न देने पर उनके निलंबन के लिए जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए गए। इसके अलावा विकास खण्ड सांगीपुर में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारी अमित सिंह तथा मान्धाता में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अभय सिंह पटेल के क्षेत्रों में श्रमिक नियोजन, गौशाला पूलिंग और मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में खराब प्रगति मिलने पर इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर विकास खण्ड मान्धाता की रूचि वर्मा, गौरा के जावेद अहमद और सदर में तैनात राहुल कश्यप का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने के निर्देश दिए गए, जबकि गौरा में कार्यरत सुनील कुमार को नोटिस जारी करने को कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया कि पंचायत सहायकों और गौशाला में कार्यरत केयरटेकरों का मानदेय समय से दिलाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी सचिवों को निर्देश दिया गया कि 19 व 20 मार्च को होने वाली अगली समीक्षा बैठक से पहले सभी योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित कर ली जाए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगारध्जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, जिला पंचायतराज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस बर्बरता के विरोध में बाजार बंद सफल




**बेलखरनाथ धाम।** कंधई थाना क्षेत्र के कन्धई हनुमानगंज बाजार में होली खेल रहे कुछ लोगों द्वारा मस्जिद की दीवार पर रंग फेंक देने पर पुलिस ने दो व्यापारियों को हिरासत में लेकर पिटाई कर दी। जिसके विरोध में व्यापार मंडल द्वारा आहूत बुधवार को बाजार बंद का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बाजारों में व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद करते हुए पुलिस हिरासत में व्यापारियों को अनायास उत्पीड़ित करने का विरोध दर्ज कराया ।

बुधवार को होली के दिन पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए कंधई हनुमानगंज, किशुनगंज, कोहंडौर, रखहा बाजार, दीवानगंज तथा ताला में व्यापार मंडल द्वारा बंद का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता ने कहा कि कंधई में हुई घटना का हम विरोध करते हैं ।घटना को लेकर की गई पुलिस कार्रवाई निंदनीय है प्रशासन यदि घटना में लिप्त लोगों का चालान करती लेकिन उन्हें हिरासत में लेकर मारा पीटा गया।इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुमार उमर वैश्य, राज बहादुर गुप्ता, राहुल गुप्ता, महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### बीमा सहायता का चेक पाकर जताया आभार



**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का चेक पाकर मृतक आश्रित के चेहरे पर खुशी छा गयी। सांगीपुर क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी सुरेश कुमार सिंह एसबीआई सगरा सुंदरपुर में खाताधारक थे। उनका प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा भी हुआ था। एक दुर्घटना में बीते वर्ष सोलह नवंबर को सुरेश कुमार की मौत हो गयी। इसकी जानकारी होने पर बैक शाखा की ओर से बुधवार को मृतक की पत्नी पुष्पा को बीमा योजना के तहत दो लाख रुपए का चेक सौंपा गया। चेक पाकर मृतक आश्रित ने बैंक प्रबन्धन के प्रति आभार जताया। बैंक शाखा प्रबन्धक सुशील कुमार दुबे ने कहा कि सरकार की यह कल्याणकारी योजना है। इसके तहत हर खाताधारक को चार सौ छत्तीस रुपए का बीमा अवश्य कराना चाहिए। इस मौके पर सहायक प्रबंधक कोमल, सपना राजपूत, सत्यम आदि मौजूद रहे।

### अच्छा कर्म मनुष्य के मोक्ष का प्रशस्त करता है मार्ग- स्वामी योगेश्वराचार्य



**लालगंज।** नगर स्थित पूरे स्वामी लालगंज में चल रही श्रीमदभागवत कथा में बुधवार को कथाव्यास स्वामी योगेश्वराचार्य महराज ने अजामिल व दक्ष प्रजापति प्रसंग से जुड़ी कथा सुनाई। कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड़ी दिखी। कथा व्यास स्वामी योगेश्वराचार्य ने बताया कि सदाचारी ब्राम्हण अजामिल एक गणिका के वशीभूत होकर धर्म से विमुख हो गया। एक दिन घर आये सन्तों के प्रभाव से उसने अपने जन्म लेने वाले पुत्र का नाम नारायण रखा और इसी नाम के सहारे मोक्षगामी हुआ। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य का अच्छा कर्म मोक्ष के मार्ग को प्रशस्त करता है। वहीं कथाव्यास ने दक्ष प्रजापति से जुड़े कथा प्रसंग पर कहा कि भगवान शिव के समझाने पर भी माता सती अपने पिता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची लेकिन वहां दक्ष ने भगवान शिव का घोर अपमान किया तो माता सती उसे सहन न कर सकी और योगाग्नि के माध्यम से प्राण त्याग दिये। कथा के मुख्य आयोजक पं. रमाकांत मिश्र व द्रोपदी मिश्रा ने व्यासपीठ का पूजन किया। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार मिश्र ने श्रद्धालुओं का स्वागत व मनीष कुमार मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर नगर पंचायत प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, रवीन्द्र मिश्र, पप्पू द्विवेदी, छोटे लाल सरोज, पप्पू तिवारी, प्रेमशंकर द्विवेदी, दारा सिंह, हरिशंकर सरोज, छोटेलाल गौतम आदि मौजूद रहे।

### भीड़ ने टेम्पो चालक व युवक को पीटा

**पट्टी।** घर जा रहे टेंपो चालक और उसके साथ बैठे युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। टेंपो के समीप एक बुजुर्ग के फिसलकर गिरने के बाद शुरू हुए विवाद में आसपास मौजूद लोगों की भीड़ ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चरैया गांव निवासी प्रदीप कुमार धुरिया ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार दोपहर वह अपने चाचा प्रदीप के साथ टेंपो से घर जा रहा था। जब वे पट्टी चैक के पास पहुंचे तभी टेंपो के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति अचानक फिसलकर गिर गया। आरोप है कि इसके बाद बुजुर्ग चप्पल लेकर चालक को मारने के लिए दौड़ पड़ा।प्रदीप के अनुसार वह बुजुर्ग को समझाने और मारने से रोकने का प्रयास कर ही रहा था कि इस बीच आसपास के लोग वहां जुट गए। देखते ही देखते भीड़ ने टेंपो चालक और उसके साथ मौजूद प्रदीप की जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए।घायल टेंपो चालक और प्रदीप बुधवार दोपहर करीब तीन बजे कोतवाली पहुंचे और अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

### उडैयाडीह बाजार में विद्युत कैंप आज

**बेलखरनाथ धाम।** बिजली बिल संबंधी समस्याओं व बड़े बकाएदारों का विद्युत बिल जमा कराने हेतु विद्युत कैंप का आयोजन किया गया है।संशोधन सहित पैसा जाना चाहते हैं संबंधी विद्युत प्रेम का आयोजन किया जाएगा। उडैयाडीह विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता जयराज राजपूत ने बताया कि यह कैंप उडैयाडीह बाई पास पर सीएचसी के सामने सुबह दस से शाम पांच बजे तक आयोजन किया गया है।

# पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व प्रधान पुत्र घर से लापता, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

## सूचना देने वाले को मिलेगा पांच लाख का इनाम, वीडियो वायरल



**बेलखरनाथ धाम।** पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व प्रधान पुत्र घर से अचानक लापता हो गए हैं।काफी खोजबीन के बाद न मिलने पर परिजन की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बड़ारी गांव निवासी ग्राम प्रधान द्रोपती सिंह पत्नी स्वर्गीय जयकेश सिंह के बेटा संदीप उर्फ पिंटू 40 सोमवार रात अचानक लापता हो गए। मंगलवार सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो आसपास व रिश्तेदारियों सहित कई जगह तलाश की लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं मिल सका।हैरान परेशान परिजन संदीप के न मिलने पर पट्टी कोतवाली में तहरीर दी।जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।चर्चा है कि संदीप सिंह जाने से पहले अपना मोबाइल फोन एक चिट्ठी घर छोड़ गए है। जिसमें उन्होंने अपने गायब होने पर किसी के ना खोजने की बात कही है। हालांकि इन सब संभावनाओं पर पुलिस आसपास के लोगों से भी जांच पड़ताल कर रही है। संदीप उर्फ पिंटू सिंह इस बार का लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं।अचानक उनके लापता होने की खबर से क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है।चैकी इंचार्ज पृथ्वी गंज सहित अन्य टीम मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है। घर से अचानक लापता हुए संदीप सिंह उर्फ पिंटू का पता लगाने वाले या सूचना देने वाले व्यक्ति को उनके परिजनों द्वारा पांच लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया व फेसबुक पर वायरल हो रहा है । हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि अखंड भारत संदेश नहीं करता है।

# जिले में एचपीवी वैक्सीन अभियान का हुआ शुभारंभ

## 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से मिलेगा बचाव

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिला महिला चिकित्सालय में बुधवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा ने किया। यह टीका महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के निचले हिस्से का कैंसर) से बचाव के लिए लगाया जा रहा है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर का दूसरा सबसे बड़ा कारण है और इसके लगभग 99.7 प्रतिशत मामलों में एचपीवी संक्रमण जिम्मेदार होता है। इस वैक्सीन के माध्यम से बालिकाओं को भविष्य में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्ष 2006 से एचपीवी वैक्सीन का उपयोग किया जा रहा है और अब तक लाखों लाभार्थियों को यह टीका लगाया जा चुका है। अब तक इसके किसी गंभीर दुष्परिणाम की सूचना नहीं मिली है, जिससे यह पूरी तरह सुरक्षित माना जाता है। यह टीका 14 वर्ष की उन बालिकाओं को लगाया जाएगा जिनका 14वां जन्मदिन पूरा हो चुका है और 15वां जन्मदिन अभी नहीं हुआ है। वैक्सीन का नाम गार्डासिल-4 है और लाभार्थियों को इसकी एक डोज दी जाएगी, जो लंबे समय तक एचपीवी संक्रमण से होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव में मदद करेगी। जिला अस्पताल में यह टीकाकरण अभियान अगले तीन माह तक सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक चलाया जाएगा। जल्द ही जनपद के सभी ब्लाक स्तरीय चिकित्सालयों में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण का शुभारम्भ किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि टीकाकरण के समय बच्चियों को खाली पेट न लाएं। टीकाकरण के बाद हल्का बुखार या इंजेक्शन वाली जगह पर दर्द हो सकता है, जिसके लिए पैरासीटामोल की गोली और तरल पदार्थ देने से आराम मिल जाता है। जरूरत पड़ने पर ठंडे पानी से सिकाई भी की जा सकती है। यदि बुखार या कोई अन्य समस्या बनी रहती है तो नजदीकी चिकित्सालय से संपर्क करने की सलाह दी गई है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ए0एन0 प्रसाद, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. ए.एन.राय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय डॉ. आर.के. पांडे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ. शैलेन्द्र कुशवाहा, जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी महेश कुमार सिंह, अर्बन कोऑर्डिनेटर आकाश दीप शुक्ला, वीसीसीएम देवानंद श्रीवास्तव, डीएमसी वकील अहमद सहित एएनएम, स्टाफ नर्स, आशा और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित कार हुई दुर्घटनाग्रस्त, युवक गंभीर रूप से घायल

## तेज गति के कारण हुआ हादसा, पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल



**कुंडा।** बाघराय थाना क्षेत्र के मौरी चैराहे के पास बूढ़ेपुर मोड़ पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज गति से चल रही कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मान्धाता थानाक्षेत्र के अहिना गांव निवासी जितेन्द्र सिंह उर्फ दीपू पुत्र गंगा प्रसाद सिंह हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जा रहा है कि जितेंद्र सिंह फतेहपुर जनपद में अपने बुआ के घर आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह मौरी चैराहे के पास बूढ़ेपुर मोड़ पर पहुंचे उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बाघराय थाना प्रभारी और उपनिरीक्षक देवेंद्र पाठक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया। घायल युवक को पहले बाघराय में प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर कर दिया।हादसे के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन की गति अत्यधिक तेज थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। घायल युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनके परिजन भी अस्पताल पहुंच चुके हैं। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।



# एनएसएस शिविर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालगंज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने महाविद्यालय परिसर में जामुन, नीम, अमरूद आदि के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होने कहा कि वृक्ष धरती की अनमोल धरोहर हैं। इसके बिना जीवन की कल्पना सम्भव नही है। वहीं उन्होने बढ़ते जल संकट पर भी चर्चा करते हुए जल, जंगल व जमीन के संरक्षण पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार ने शिविरार्थियों से पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता की बात रखी। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस के जिला नोडल एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवकुमार यादव, डॉ0 गंगाधर मिश्र, डॉ0 निशान्त पाण्डेय, डॉ0 वाचस्पति मिश्र, डॉ0 सत्येन्द्र तिवारी, डॉ0 श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 अभिषेक पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य ओरिएंटेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के मुख्यालय पर तरुण चेतना संस्थान एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संस्था के सभागार में मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ मन के साथ खुशहाल जीवन जीने के तरीकों की जानकारी देना था।कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेन्द्र मौर्या ने मानसिक स्वास्थ्य और उसकी देखभाल के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चिंता भी एक प्रकार का मानसिक रोग हो सकता है और यदि चिंता लगातार बनी रहे तो यह खतरनाक हो सकती है। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक रहने वाली चिंता आगे चलकर डिप्रेशन का रूप ले सकती है, इसलिए समय रहते इसका ध्यान रखना आवश्यक है। इस अवसर पर पी.एस.डब्ल्यू. मुकेश मौर्या ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें यह समझना जरूरी है कि हम यहां क्यों हैं और हमारी क्या जिम्मेदारियां हैं। यदि हम अपनी जिम्मेदारियों को सही ढंग से निभा रहे हैं, तभी हम मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में तरुण चेतना संस्थान के निदेशक नसीम अंसारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए लोगों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेतु मित्र इंडिया लखनऊ के निदेशक प्रवेश वर्मा, तरुण चेतना के सह-निदेशक हकीम अंसारी, शुभम दूबे असिस्टेंट, समन्वक रजनीश कुमार, नीलम, नाजरीन बानो तथा ब्रह्मदेव उपाध्याय, विमला, रीता देवी वृजलाल, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रैली निकालकर सड़क सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**पट्टी।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिविरार्थी हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते रहे। इस दौरान स्वयंसेवकों ने ह्लसड़क सुरक्षा की यही पुकार, बिना हेलमेट सब बेकारह्व जैसे नारों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया। रैली जब हनुमान मंदिर स्थित चैराहे पर पहुंची तो स्वयंसेवकों ने बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनकर सुरक्षित यात्रा करने का अनुरोध किया। इसके बाद शिविरार्थियों ने हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचकर साफ-सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश भी दिया।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कृष्णा मौर्य, आंशिक सिंह, दीक्षा मिश्रा, संदेश पाण्डेय सहित कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवेंद्र नारायण पांडेय, डॉ. दिलीप सिंह तथा डॉ. रागिनी सोनकर उपस्थित रहे।कार्यक्रम की जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार मिश्र ने दी।

# धूमधाम से निकाली गयी भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा, लगे जयकारे

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** सगरा सुंदरपुर बाजार के समीप स्थित पौराणिक शिवालय बाबा नर्वदेश्वर नाथ धाम के परिसर में बुधवार से सात दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन आरम्भ हुआ। श्रीराम कथा के पूर्व सुबह भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। कथा वाचक पंकजा-प्रज्ञा की अगुवाई में निकली शोभा यात्रा बाजार में भ्रमण करते हुए महाकालेश्वर धाम व लालेश्वर धाम पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजन अर्चन किया। इसके बाद शोभा यात्रा कथा स्थल पर वापस पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु भगवान श्रीराम की भक्ति में रमे दिखे। कार्यक्रम का आयोजन संजय शुक्ल व संयोजन उमेश तिवारी एवं राजेन्द्र मिश्र ननके ने किया। कार्यक्रम का संचालन रत्नाकर तिवारी ने किया। वहीं कथा के पहले दिन कथा वाचक पंकजा-प्रज्ञा ने मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की कथा का महात्म्य बताया। इस मौके पर डा0 हरिश्चंद्र शुक्ल, शिवशंकर शुक्ल, चंद्रशेखर तिवारी, सुरेश मिश्र, संतोष तिवारी, शाश्वत मिश्र, कुलदीप तिवारी, अरविंद दुबे, मनोज दुबे, ज्ञानप्रकाश मिश्र, संतोष मिश्र, उदयराज तिवारी, अरूण तिवारी, मिंकू, नागेन्द्र शुक्ल, राज विद्रोही, अभय शुक्ल, गरूण तिवारी, सोनू तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से मासूम घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव में बुधवार सुबह घर के सामने खेल रही एक मासूम बच्ची को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार रमईपुर नेवादा गांव निवासी रमजान अली की 4 वर्षीय पुत्री शिफा घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान अचानक आए बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्ची घायल होकर गिर पड़ी। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए पट्टी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉ. राजकमल ने बताया कि बच्ची के सिर में चोट लगी है, जिसके चलते बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**कुंडा।** बाघराय थाना क्षेत्र के रोर ग्राम सभा अंतर्गत पूरे शिवभीख गांव में मंगलवार रात एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अवध नारायण मिश्रा के दूसरे नंबर के बेटे का मानसिक संतुलन कई वर्षों से ठीक नहीं था। बताया जा रहा है कि वह मंगलवार रात घर लौटा और घर के नवनिर्मित भवन में जाकर रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय घर पर कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। परिजनों के अनुसार, मृतक के छोटे भाई सचिन की पत्नी की डिलीवरी के दौरान अचानक पेट में तेज दर्द होने पर परिवार के सभी सदस्य उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज के एक अस्पताल लेकर गए हुए थे। इसी दौरान युवक ने यह कदम उठा लिया। सुबह जब परिजन घर पहुंचे तो घटना का पता चला। किसी ग्रामीण ने तुरंत घटना की सूचना डायल 112 और स्थानीय थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रस्सी काटकर शव को नीचे उतारा। पुलिस ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस परीक्षा में लापरवाही नहीं होगी क्षम्य : एसपी

## पुलिस अधीक्षक ने उप निरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की सीधी भती परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर ने उदयन सभागार में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भती परीक्षा-2025 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकां के साथ बैठक की गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक ने उ0प्र0 पुलिस भती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षा को गम्भीरता से लिया जाय। निर्देश पुस्तिका का भली-भॉति अध्ययन कर लिया जाय। सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि परीक्षा नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायी जाय। भती बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने उ0प्र0 पुलिस भती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि यह परीक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने सेक्टर सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर सी.सी.टी.वी. की क्रियाशीलता आदि कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भती परीक्षा-2025 जनपद में दिनांक 14 मार्च एवं 15 मार्च 2026 को 02 पालियों में आयोजित की जाएगी। कुल 06 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों की संख्या-7680 है। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 06 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 06 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उधार मांग कर ले गए दो लाख रुपए नहीं कर रहे थे वापस दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के रक्सवारा कटरा गांव निवासी निमर्ला देवी पत्नी मिथलेश कुमार से 2 लाख रुपए उधार मांग कर ले जाने वाले रुपए वापस नहीं कर रहे थे जिस पर मामले की शिकायत 12 फरवरी 2026 को डीएम से हुई महिला ने तहरीर देकर बताया कि सुनील कुमार पुत्र अवध लाल मौर्य और सुरेश कुमार उर्फ धनंजय सिंह पुत्र रोशन लाल को 14.10 2024 को जरूरत पड़ने पर एक लाख 50 हजार रुपए नगद एवं 50 हजार रुपए फोनपे के माध्यम से दिया था आरोपी ने एक निश्चित समय लेने के उपरांत भी समय पर मेरा रुपया वापस नहीं किया इसके संदर्भ में करारी थाना प्रभारी को अवगत कराई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई 02.02.2026 को आरोपी के घर रुपए मांगने महिला गई तो दोनों महिला को गालियां देने लगे और महिला के साथ मारपीट की एवं जान से मार देने की धमकी देकर भगा दिया डीएम के आदेश पर करारी थाना पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## न्यूज झरोखा

### एडीएम ने गैस एजेन्सियों एवं पेट्रोल पम्प धारकों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



**कौशांबी** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर ने बुधवार को उदयन सभागार में जनपद में समस्त गैस एजेन्सियों एवं पेट्रोल पम्प धारकों के साथ बैठक की बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों का अनुपालन किया जाय। उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर की आपूर्ति 25 दिन के बाद डी.ए.सी. (डिलेवरी ऑथेंटिकेशन कोड) के माध्यम से सुनिश्चित कराई जाय। गैस एजेन्सियों द्वारा बुकिंग के अनुसार ही घरेलू एल.पी.जी. सिलेण्डरों की आपूर्ति किया जाय। उन्हांने कहा कि कहीं पर भी अवैध जमाखोरी/संग्रहण न होने पाए,अगर कोई करता है तो, इसकी सूचना तत्काल दी जाए। जरूरतमंदों की सहायता की जाय। पैनिक स्थिति न किया जाय। जिला पूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य ने कहा कि गैस एजेन्सियों द्वारा घरेलू एल.पी.जी. सिलेण्डरों के वितरण का टीम गठित कर रैण्डमाइजेशन सत्यापन कराया जाय, जिससे इस तथ्य का भी सत्यापन हो कि घरेलू एल.पी.जी. सिलेण्डरों की निर्धारित मात्रा व मूल्य पर डिलेवरी सम्बन्धित एजेन्सी द्वारा की जा रहीं है। उन्होंने कहा कि एल.पी.जी.सिलेण्डरों के दुरूपयोग पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। कामर्शियल उपयोग के लिए घरेलू सिलेण्डरों की आपूर्ति करने वाले एजेन्सी हॉकरों के विरूद्ध भी नियम संगत कार्यवाही की जाएगी।

### बालगोविंद विद्याश्रम में विदाई समारोह में बच्चों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम




**भरवारी कौशांबी** भरवारी नगर में स्थित बालगोविंद विद्याश्रम में कक्षा आठ के बच्चों का विदाई समारोह बुधवार को आयोजित किया गया बच्चों ने भारतीय संस्कृति आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया विद्यालय के प्रबंधक प्रवेश कुमार केसरवानी ने मां सरस्वती जी की पूजन किया एवं बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि यह उम्र ज्ञान प्राप्त करने की है जिसमें तनिक भी चूक से सारी उम्र पछतावा रहता है शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पियेगा उतना ही दहाड़ेगा कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनराखन सिंह ज्ञान प्रकाश शर्मा अर्जुन सिंह आरती सोनी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका एवं बच्चे उपस्थित रहे

### नगर पालिका में लगा स्वास्थ्य शिविर

**कौशाम्बी।** मंझनपुर नगर पालिका परिषद मंझनपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,जिले के अर्बन पीएचसी स्वास्थ्य केंद्र अशोक नगर गौरा प्रभारी ने बुधवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया शिविर में नगर पालिका कमर्चारियों के साथ बड़ी संख्या में आसपास की महिलाएं मौजूद रहीं,चिकित्सकों ने नगर पालिका कमर्चारियों और महिलाओं के ब्लड प्रेशर,शूगर हीमोग्लोबिन और वजन की जॉच कराकर नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधित सलाह दिए इसके बाद मरीजों को चिकित्सकों ने निःशुल्क दवाओं का भी वितरण किया सैकड़ों मरीजों के स्वास्थ्य की जॉच व, दवाओं का वितरण किया गया,इस शिविर में अर्बन पीएचसी प्रभारी,डॉ.सुदेश कुमारी,डॉ. कादिर,दीक्षा मोदनवाल नर्स स्टॉप, मनीष कुमार लैब टेक्नीशियन, अवधेश सरोज, समेत अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कमर्चारी मौजूद रहे।

### नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाला अभियुक्त एक साल में गिरफ्तार

**कौशांबी** संदीपनघाट थाना क्षेत्र से 26 मार्च 2025 को नाबालिग बालिका को गोविन्द भगा ले गया था थाना संदीपनघाट पर मु0अ0सं0 67/25 धारा 87/137(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ बालिका को पुलिस ने बरामद कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की संदीपनघाट थाना पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त गोविन्द पुत्र रामबली निवासी ग्राम पैगम्बरपुर महगांव थाना संदीपनघाट को 10 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

### दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को सैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र में 02 जनवरी 2026 को एक महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया गया विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग गया सैनी कोतवाली में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 11.03.2026 को सैनी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शंभू निवासी ग्राम टांडा सैनी कोतवाली को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

### नाबालिग बालिका को भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** थाना कौशाम्बी क्षेत्र में दिनांक 13.02.2026 को 13 वषीय नाबालिग बालिका को आरोपी रवि कुमार भगा ले गया थाना कौशाम्बी में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ इसी क्रम में पीड़िता को बरामद करते हुए बयान व साक्ष्य के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी हुई उपरोक्त क्रम में दिनांक 11.03.2026 को थाना कौशाम्बी पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रवि कुमार पुत्र राजेन्द्र निवासी नैनुआ सुलेमपुर थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

### प्राणघातक हमला करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अहिरन का पुरवा निवासी सचिन यादव पुत्र फूल सिंह पर 08 मार्च को जितेन्द्र यादव पुत्र स्व0 रामखेलावन यादव निवासी ग्राम अहिरन का पुरवा द्वारा कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला किया गया था जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था उसे इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया गया था घायल युवक के भाई हंसराज की तहरीर पर थाना पर मु0अ0सं0 45/2026 धारा 109/115(2)/352 बीएनएस पंजीकृत हुआ दिनांक 10.03.2026 को महेवाघाट थाना पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त जितेन्द्र यादव पुत्र स्व0 रामखेलावन यादव निवासी ग्राम अहिरन का पुरवा थाना महेवाघाट को शाहपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है अभियुक्त के कब्जे से कुल्हाडी बरामद हुई विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

### वारण्टी अभियुक्त को सराय अकिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 96/17 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम थाना सराय अकिल से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त इन्द्रपाल पुत्र गंगा पासी निवासी खरका फकीराबाद थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# अनाथ भतीजी को 50 कि.मी. दूर कल्याण पुर में छोड़ कर चाचा हुआ फरार

अखंड भारत संदेश



**कल्याणपुर कौशांबी** माता-पिता की मृत्यु हो जाने के बाद अनाथ नाबालिंग बालिका अपने चाचा के शरण में रह रही थी लेकिन चाचा ने भी उसको घर से बाहर दूर छोड़ दिया है और फरार हो गया है जिससे नाबालिग बालिका परेशान है कोखराज थाना क्षेत्र के जीटी रोड कल्याणपुर बाजार में मंगलवार की शाम को एक नाबालिग बालिका लाडो को सड़क पर छोड़कर उसका चाचा फरार हो गया है चाचा के छोड़ देने से बालिका अकेली रह गई है। अकेले बालिका को देखकर वहां आसपास के लोग पहुंचे और उससे पूछताछ कर मामले की सूचना पुलिस को दी है बालिका ने बताया कि मेरा चाचा नीरज मुझे दो पहिया से घुमाने के बहाने लेकर आया और जैसे ही कल्याणपुर में आया तो मुझे दो पहिया से उतार कर कहा कि तुमको जहां जाना हो जाओ क्योंकि तुम्हारे माता पिता मर चुके है बालिका ने बताया कि मेरे भाई बहन नहीं है मैं चाचा के घर पर रहती हूं बात करने पर बताया कि मैं कक्षा आठ तक पढ़ी हूं और प्रयागराज में रहती हूं लेकिन प्रयागराज में स्थान नहीं बता रही है। पूंछने पर एक मोबाइल नंबर 7061255428 बताया है नाबालिक बालिका को छोड़ कर फरार हो जाने के बाद चाचा से संपर्क नहीं हो पा रहा है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर डायल 112 पुलिस पहुंची है।

# वृद्ध बाबा के हत्यारे नाती को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर धमावां गांव में बुजुर्ग बाबूलाल पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर उनके नाती ने हत्या कर दी थी पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए नाती को कुल्हाड़ी समेत गिरफ्तार किया और अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है जमीन और पैसों की लालच में अपने ही बाबा की हत्या करने वाले नाती को पुलिस ने दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।जानकारी के अनुसार 7 मार्च 2026 को रामपुर धमावां सैनी कोतवाली निवासी गुलजारा देवी ने सैनी कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि उनके नाती नितिन कुमार ने उनके पति बाबूलाल की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी सैनी कोतवाली में मुकदमा संख्या

जमीन और पैसों के लालच में की थी हत्या कुल्हाड़ी व लोहे का रॉड बरामद

हत्या का खुलासा बेहद काबिले तारीफ है लेकिन प्राण घातक हमले में आरोपी पर कार्यवाही करने में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकमिर्यों को दंडित किया जाना भी आवश्यक है

79/26 धारा 103(1), 61(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। बाबूलाल की हत्या करने वाले नाती नितिन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और अदालत में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है हालांकि इसके दो पहले भी बाबूलाल पर नितिन कुमार नाती ने हमला किया था जिसमें एक महीना अस्पताल में बाबूलाल का इलाज चला था मामले की सूचना बाबूलाल ने पुलिस को दी थी लेकिन पूर्व में हुए



हमले में पुलिस ने आरोपी नितिन कुमार की गिरफ्तारी नहीं की थी जिससे आरोपी नितिन कुमार के हौसले बुलंद थे यदि पूर्व में हुए हमले में पुलिस ने नितिन कुमार की गिरफ्तारी कर ली होती तो शायद बाबूलाल की हत्या न होती पुलिसिया लापरवाही के चलते बाबूलाल की हत्या हुई है लेकिन अभी तक पूर्व में किए गए हमले में लापरवाही पर बरतने वाले उप निरीक्षक चौकी इंचार्ज को निलंबित नहीं किया गया है हत्या का खुलासा बेहद काबिले तारीफ है लेकिन प्राण घातक हमले के मामले में आरोपी पर कार्यवाही करने में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकमिर्यों को दंडित किया जाना भी आवश्यक है जिससे आगे इस तरह की बड़ी लापरवाही पुलिसकमी ना करें और किसी बेकसूर की जान बचाई जा सके।

# पूर्व विधायक का हुआ निधन उनके आवास पहुंचे पूर्व सांसद समेत तमाम लोग

रसूलाबाद गंगा घाट किनारे गुरुवार को होगा अंतिम संस्कार





**भरवारी कौशांबी** सिराथू विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में चुने गए विधायक राधेश्याम भारतीय का लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान बुधवार को प्रयागराज जनपद के अस्पताल में निधन हो गया है पूर्व विधायक राधेश्याम भारतीय के निधन की जानकारी मिलते ही उनके आवास पर पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार सहित तमाम नेता और जनप्रतिनिधि पहुंचे हैं और पूर्व विधायक को श्रद्धा सुमन अर्पित किया है परिजनों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को रसूलाबाद गंगा नदी के घाट पर किया जाएगा प्रयागराज जनपद के तेलियरगंज स्थित मोहक हॉस्पिटल के सामने उनके निवास पर उनके शुभ चिंतकों का जमावड़ा लगा हुआ है सिराथू विधानसभा के पूर्व विधायक और छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्रा के करीबी शिष्य रहे राधेश्याम भारतीय का लंबी बीमारी के बाद निधन से जनपद के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है वर्ष 1989 में जनता दल से वह विधायक रहे राधेश्याम भारतीय एक कट्टर समाजवादी और लोकतंत्र रक्षक सेनानी थे सादगी और संघर्ष के लिए पहचाने जाने वाले भारतीय जी को क्षेत्रीय नेताओं ने एक सच्चा जननायक बताया है अंतिम संस्कार 12 मार्च सुबह 10:00 बजे रसूलाबाद घाट प्रयागराज में होगा।

## द्वारचार के दौरान बाराती-घराती में मारपीट युवक का सिर फटा, पुलिस की मौजूदगी में पूरी हुई शादी

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव में द्वारचार के दौरान बाराती और घराती आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि डीजे पर डांस के दौरान कहासुनी हो गई,जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले।मारपीट में अमन सोनकर का सिर फट गया, जबकि कई अन्य लोग भी चोटिल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। पुलिस की मौजूदगी में शादी की बाकी रस्में पूरी कराई गईं।वहीं घायल युवक को अस्पताल में भती कराया गया है पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया है।

## चहेते फर्मों के पक्ष में फजी तरीके से भुगतान करने का लगा पंचायत सचिव पर आरोप

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक खण्ड कार्यालय में तैनात पंचायत सचिव जितेंद्र त्रिपाठी के कारनामे को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि उन्होंने अपने चहेते फर्मों के पक्ष में कथित रूप से फजी तरीके से भुगतान करवा दिया।बताया जा रहा है कि इससे पहले मंझनपुर ब्लॉक में तैनाती के दौरान भी कुछ फर्मों को संदिग्ध तरीके से भुगतान किए जाने के आरोप लग चुके हैं।ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर सरकारी धन की पारदशिर्ता और सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी। यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो संबंधित विभाग को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि सरकारी धन के दुरुपयोग पर रोक लग सके।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने सीडीपीओ पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

कौशांबी। जिले के विकासखंड क्षेत्र कौशांबी के सोंधिया ग्राम सभा के अहमतिया में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्री सविता त्रिपाठी ने संबंधित सीडीपीओ पर केवाईसी फाइल में हस्ताक्षर करने के नाम पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है।इस संबंध में सविता त्रिपाठी की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी कौशांबी को प्राथर्ना पत्र देकर मामले की जांच की मांग की गई है।साथ ही पूरे प्रकरण की शिकायत ऑनलाइन आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी दर्ज कराई गई है।आंगनवाड़ी कार्यकत्री का कहना है कि केवाईसी फाइल पर हस्ताक्षर करने के लिए उनसे अनुचित धनराशि की मांग की गई, जिससे आहत होकर उन्होंने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।अब देखना होगा कि प्रशासन इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराता है और दोषी पाए जाने पर क्या कारर्वाई की जाती है।

# डायट कौशाम्बी में दो दिवसीय आई.सी.टी कायर्शाला का समापन

अखंड भारत संदेश

## शिक्षा के क्षितिज पर तकनीक का नव-उन्मेष






**हररायपुर कौशाम्बी।** ऐतिहासिक एवं पौराणिक आभा से मंडित जनपद कौशाम्बी के शैक्षिक परिदृश्य में एक नवीन स्वर्णिम अध्याय का सूत्रपात हुआ है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के सभागार में आयोजित दो दिवसीय 'सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण कायर्शाला का समापन हुआ। यह आयोजन केवल एक तकनीकी प्रशिक्षण मात्र नहीं,अपितु परिषदीय शिक्षा को आधुनिकता और वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने का एक वैचारिक अनुष्ठान सिद्ध हुआ। कुशल नेतृत्व और प्रखर मार्गदर्शन का संगम देखने को मिला ज्ञान के इस महाकुंभ का आयोजन डायट प्राचार्या सुश्री निधि शुक्ला के निर्देशन में संपन्न हुआ। उनके विज़न ने जनपद के शिक्षकों को तकनीक के प्रति सजग करने में आधारस्तंभ की भूमिका निभाई। कार्यक्रम को अपनी बौद्धिक प्रखरता से डायट प्रवक्ता रसायनविद डॉ. नरेंद्र ने सीचा जिनके सूक्ष्म मार्गदर्शन ने कायर्शाला के प्रत्येक सत्र को परिणामोन्मुखी बनाया। स्टेट रिसोर्स ग्रुप के स्तंभ डॉ.ओमप्रकाश सिंह के संदर्भन और सक्रिय सहभागिता ने इस कायर्शाला को एक नई ऊँचाई प्रदान की। डॉ. ओमप्रकाश सिंह ने अपनी विशिष्ट कायर्शैली और तकनीकी दक्षता से प्रतिभागियों के मध्य शिक्षण में तकनीक के समन्वय' की एक नई चेतना जागृत की। उन्होंने कहा कि परिवर्तन ही शैक्षणिक प्रगति का आधार है। कायर्शाला के एसआरजी डॉ. ओमप्रकाश सिंह ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए अत्यंत गूढ़ और दार्शनिक विचार साझा किए। उन्होंने रेखांकित किया कि आज का शिक्षक केवल सूचनाओं का प्रदाता नहीं, बल्कि ज्ञान का सुगमकर्ता है। डिजिटल युग में चाक और टॉक के साथ 'क्लिक और क्रिक' का समन्वय अनिवार्य है। उन्होंने प्रीप और दीक्षा जैसे मंचों की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब एक शिक्षक तकनीक से लैस होता है,तो वह कक्षा की दीवारों को लांघकर वैश्विक ज्ञान के भंडार से जुड़ जाता है। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे गूगल जेमिनी जैसे ए.आई टूल्स का उपयोग केवल कार्य को सरल बनाने के लिए नहीं,बल्कि बच्चों की रचनात्मकता को नई दिशा देने के लिए करें। सुनिष्ठा अभिषेक के सान्निध्य में शिक्षकों ने जटिल तकनीकी बारीकियों को अत्यंत सुबोधगम्यता से आत्मसात किया।तो डिजिटल साक्षरता से सशक्तिकरण तक दो दिवसीय सघन प्रशिक्षण में जनपद के कड़ा,कौशाम्बी, मंझनपुर,चायल ब्लॉकों से आए 100 ऊर्जावान प्रतिभागियों ने सहभागिता की। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को निम्नवत विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया-आई-प्रेप शिक्षकों को पंजीकरण से लेकर डिजिटल प्रोफाइल निर्माण,विषय चयन और शिक्षण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की बारीकियां सिखाई गईं।?समय सारिणी एवं संसाधन प्रबंधन-तकनीक के माध्यम से विद्यालयी समय सारिणी को व्यवस्थित करने और उपलब्ध वीडियो सामग्री के माध्यम से शिक्षण को 'दृश्य-श्रव्य अनुभव में बदलने का अभ्यास कराया गया आधुनिक टूल्स का प्रयोग- गूगल जेमिनी के माध्यम से 'प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग' और गूगल फॉर्म के द्वारा त्वरित मूल्यांकन की विधियों पर विशेष बल दिया गया। स्वयं एवं दीक्षा एप्प से शिक्षकों के व्यावसायिक विकास हेतु उपलब्ध ऑनलाइन कोर्सेज और डिजिटल लाइब्रेरी के उपयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। तकनीकी विमर्श और सम्पादन तकनीकी सत्रों का संचालन प्रशिक्षक सुनिष्ठा प्रजापति और टी.सी. आई.एल.के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने अत्यंत धैर्य और कुशलता के साथ शिक्षकों की तकनीकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कायर्शाला के दौरान हैंड्स-ऑन अभ्यास के माध्यम से शिक्षकों ने स्वयं अपनी प्रोफाइल और शिक्षण योजनाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्मित कीं। समापन सत्र में डायट प्राचार्या सुश्री निधि शुक्ला ने डॉ. नरेंद्र और एसआरजी डॉ ओमप्रकाश सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कौशाम्बी के शिक्षक अब 'स्मार्ट क्लास' के माध्यम से जनपद को प्रदेश के अग्रणी जनपदों में स्थापित करेंगे। अंत में,सभी 100 प्रतिभागियों ने पूर्ण मनोयोग से तकनीक को अपनी कायर्शैली का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किये गए राष्ट्रगान और परस्पर शुभकामनाओं के साथ इस दो दिवसीय ज्ञान-यज्ञ की पूर्णाहुति हुई।

# सम्पादकीय

## खामेनेई के भारत विरोधी बयानों पर नजर डालिये

**ईरान** के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले में हुई मौत के बाद भारत के कुछ हिस्सों में जिस तरह शोक और विरोध का माहौल बनाया जा रहा है, उसने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि भारत के आंतरिक मामलों में गैर-जरूरी टिप्पणियां करते रहे खामेनेई की मौत पर यहां हंगामा क्यों खड़ा किया जा रहा है? खासकर कश्मीर घाटी में हालात क्यों तनावपूर्ण बनाये जा रहे हैं? कश्मीर में जनजीवन लगातार छठे दिन प्रभावित है। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद यह पहली बार है जब घाटी में इतने बड़े पैमाने पर विरोध देखने को मिला है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारत में आखिर किस बात का मातम मनाया जा रहा है? जिस खामेनेई को लेकर कुछ लोग यहां छाती पीट रहे हैं, वही खामेनेई पिछले एक दशक से बार बार भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करते रहे थे। 2017 में उन्होंने मुस्लिम देशों से कश्मीर के मुसलमानों का समर्थन करने की अपील की थी। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद भी उन्होंने भारत को कश्मीर पर तथाकथित न्यायपूर्ण नीति अपनाने की नसीहत दी थी, जिस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी और ईरानी दूत को तलब किया था।

यही नहीं, जनवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर ईरान की संसद के अध्यक्ष ने इसे मुस्लिम विरोधी बताया था, जिसे भारत ने अपने आंतरिक मामले में दखल करार दिया था। उसी साल दिल्ली दंगों के दौरान खामेनेई ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि भारत को चरमपंथी हिंदुओं का सामना करना चाहिए। उन्होंने दिल्ली दंगे के दौरान हिंसा को मुसलमानों का नरसंहार बताया था। उन्होंने यह तक कहा था कि भारत इस्लामी दुनिया से अलग थलग पड़ सकता है। यही नहीं, सितंबर 2024 में भी खामेनेई ने एक पोस्ट में भारत को म्यांमार और गाजा के साथ जोड़ते हुए टिप्पणी की थी, जिस पर भारत सरकार ने उसे गलत और अस्वीकार्य बताया था।

ऐसे व्यक्ति की मौत पर भारत में शोक मनाने वालों से सीधा सवाल है कि क्या उन्हें यह याद नहीं कि यही नेता भारत के खिलाफ लगातार बयान देता रहा था? खामेनेई की मौत पर भारत में मातम मना रहे लोगों को क्या ईरान में महिलाओं पर कठोर नियंत्रण और वहां के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हुई कठोर दमनात्मक कार्रवाइयां भी दिखाई नहीं देतीं? यहां सवाल यह भी उठता है कि कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी आखिर किस नैतिक अधिकार से मोदी सरकार की ईरान नीति पर सवाल उठा रही हैं? सोनिया गांधी को याद होना चाहिए कि साल 2005 से 2009 के बीच जब भारत अमेरिका के साथ नागरिक परमाणु समझौते पर बातचीत कर रहा था, तब कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी में तीन बार ईरान के खिलाफ मतदान किया था। आज जब वही दल केंद्र सरकार की नीति पर सवाल उठा रहा है, तब क्या उसे अपने पुराने फैसलों का जवाब नहीं देना चाहिए?

# बजट सत्र का शेष हिस्सा प्रधानमंत्री के लिए और भारी

**शकील अख्तर**

**अब** बजट सत्र का दूसरा हिस्सा आ गया। राहुल फिर लोकसभा में होंगे और जैसा कि उनका दावा है और वह हर बार सही साबित हो रहा है कि प्रधानमंत्री सदन में मेरे सामने नहीं आ सकते। अब जब अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला कर दिया है भारत की सारी तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई है। और अमेरिका बहुत दया दिखाकर हमें 30 दिन के लिए रूस से तेल खरीदने की छूट दे रहा है

प्रधानमंत्री मोदी के लिए संसद के बजट सत्र का पहला हिस्सा बहुत मुश्किल था। लेकिन दूसरा हिस्सा उससे भी ज्यादा मुश्किल होगा यह उन्होंने नहीं सोचा था।

सोमवार 9 मार्च से दूसरा हिस्सा शुरू हो रहा है। विपक्ष जोश में है। पहले हिस्से के दौरान अमेरिका के साथ डील पर मोदी कुछ नहीं बोल सके। इसके अलावा उनके सबसे बड़े मुद्दे राष्ट्रवाद पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व थल सेना अध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवाणे की किताब के जरिए बड़ा हमला कर दिया। राहुल ने कहा कि जब चीनी टैंक अपनी पैदल सेना के साथ पूर्वी लद्दाख में हमारी सीमा में घुस रहे थे तो मोदी उन्हें रोकने का आदेश देने में असमर्थ साबित हुए। चीनी सीमा पर बिना प्रधानमंत्री से पूछे कोई कार्रवाई करने से मना कर रखा था।

थल सेना अध्यक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर विदेश मंत्री सुरक्षा सलाहकार सबसे फोन करके, हाट लाइन पर कहते रहे कि पूछिए क्या करना है? करीब ढाई घंटे तक कुछ नहीं बताने के बाद आखिरी में प्रधानमंत्री का जवाब आया जो उचित समझो वह करो! देश में कमजोरी छुपाने के लिए यह मुहावरा बन गया।

देश की सुरक्षा से समझौता! मगर प्रधानमंत्री ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। किया, सिर्फ यह कि लोकसभा में जहां उन्हें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देना था वहां आए ही नहीं। लोकसभा अध्यक्ष से कहलवा दिया कि विपक्ष की महिला सांसदों से खतरा! देश की सुरक्षा से समझौता और महिला सांसदों से डर!

संसदीय इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव बिना प्रधानमंत्री या सदन के नेता के जवाब दिए पास करना पड़ा। अभी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू कह रही हैं कि बंगाल जाने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (विपक्ष) ने उ?का अपमान किया! भूल गईं कि अपमान तो एक महीने पहले प्रधानमंत्री ने उनके अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब न देकर किया था! लेकिन विपक्ष ने उस मामले में राष्ट्रपति का नाम जुड़ा होने के कारण अभिभाषण को मुद्दा नहीं बनाया और उसे पारित हो जाने दिया। सोचिए कि विपक्ष अगर उसे पास करने से इनकार कर देता तो राष्ट्रपति का कितना अपमान होता? मगर विपक्ष ने खुद को केवल प्रधानमंत्री तक ही सीमित रखा।

प्रधानमंत्री के लिए बजट सत्र की शुरूआत ही मुश्किलों के साथ हुई। बजट में तो कुछ आम आदमी के लिए था ही नहीं। मगर अमेरिका ने बजट पेश होने के अगले दिन ही डील की घोषणा करके अपने यहां से बिना किसी शुल्क (टैरिफ) के जो कृषि उत्पाद भारत भेजे जाने हैं उसकी लिस्ट जारी कर दी। प्रधानमंत्री मोदी वादे कर रहे थे कि भारतीय बाजार विदेशों के कृषि उत्पाद के लिए नहीं खोला जाएगा। और यहां अमेरिका ने कह दिया कि उसके कृषि उत्पाद भारत जाएंगे भी और मोदी सरकार उन पर कोई टैरिफ भी नहीं लेगी। नेता प्रतिपक्ष राहुल ने इसे भारत के किसानों के साथ विश्वासघात बताया। डील पर मोदी बहुत बुरी तरह घिर गए। मगर यहां भी कोई जवाब नहीं दे पाए।

राहुल गांधी ने लोकसभा में ही एपस्टीन फाइल का नाम लेकर यह और कह दिया कि उसकी वजह से ट्रंप हमारे प्रधानमंत्री का मुंह बंद किए हुए है। नहीं तो भारत का कोई भी प्रधानमंत्री भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह करने वाली ऐसी डील नहीं करता। साथ ही यह भी



कहा कि ट्रंप के एक हाथ में एपस्टीन फाइल है जिससे वह एक तरफ से गर्दन पकड़े है तो दूसरे हाथ में अडानी के क्रिमिनल मामलों के केस हैं इससे दूसरी तरफ से गर्दन दबा रहा है। न प्रधानमंत्री और न अडानी इन स्पष्ट आरोपों का जवाब दे पाए।

और अब बजट सत्र का दूसरा हिस्सा आ गया। राहुल फिर लोकसभा में होंगे और जैसा कि उनका दावा है और वह हर बार सही साबित हो रहा है कि प्रधानमंत्री सदन में मेरे सामने नहीं आ सकते। अब जब अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला कर दिया है भारत की सारी तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई है। और अमेरिका बहुत दया दिखाकर हमें 30 दिन के लिए रूस से तेल खरीदने की छूट दे रहा है तब संसद के बजट सत्र का दूसरा हिस्सा शुरू हो रहा है।

मोदी जो हर मामले में बोलते हैं अमेरिका के मामले में एक शब्द भी नहीं बोल पा रहे हैं। पूरी तरह मौन हैं। बदनाम तो किया था सोच समझ कर बोलने वाले विद्वान प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को मौन मनमोहन बोल कर। मगर खुद तो केवल मौन ही नहीं हुए। ट्रंप के सामने हर मामले में मौन रहकर सहमति प्रकट करते हुए और दिख रहे हैं।

अमेरिका ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की हत्या कर दी। लेकिन 6 दिन तक मोदी सरकार कोई प्रतिक्रिया तक व्यक्त नहीं कर पाई। लेकिन फिर जब कांग्रेस ने इसकी निंदा की। सोनिया और राहुल बोले तो भारत के विदेश सचिव ने ईरान दूतावास जाकर वहां शोक पुस्तिका में श्रद्धांजलि लिखी। अमेरिका का इतना डर। और यह डर अब सर्वव्यापी हो गया। डर भी छूत की बीमारी की तरह होता है। एक के होते ही तेजी से फैलने लगता है। सब में तो नहीं फैलता। जैसे राहुल पर डर का कोई असर नहीं है। मगर यह बात सबके लिए नहीं कही जा सकती।

अभी सबने देख लिया कि नीतीश कुमार जिन्हें लोग प्रधानमंत्री मटेरियल बता रहे थे वे टिन पत्तर वाले मटेरियल निकले। ऐसे डरे, दबे कि मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने को तैयार हो गए। खुद से लिखकर अपना मजाक उड़वा लिया कि राज्यसभा नहीं देखी थी वहां जाने की इच्छा है। पचासों उनके राज्यसभा में खड़े होकर बोले जाने वाले जवाब होंगे, दूरदर्शन के पास वीडियो होंगे कि जब वे केन्द्र सरकार में मंत्री थे कितनी बार राज्यसभा जाना होता था।

नीतीश कुमार शायद भूल गए कि मंत्री दोनों सदनों में जा सकता है। जाता है। सदस्य वे लोकसभा के बने थे। मगर मंत्री दोनों सदनों में जवाबदेह होता है। जाना पड़ता है। जैसे मीडिया अब मोदी के मौन पर मौन है। वैसे ही नीतीश की बाडी लेंग्वेज पर भी। यूपीए के टाइम में कांग्रेस के नेताओं की बाडी लेंग्वेंज ही मीडिया पढ़ता रहता था। मगर अब यह विद्या विस्मृत हो गई है। नीतीश की तो बाडी लेंग्वेंज के साथ मानसिक अवस्था पर भी बात करना जरूरी थी। मगर सारा मीडिया जिसमें बिहार के कई योग्य पत्रकार भी शामिल हैं इस मामले में कुछ नहीं बता रहे।

अगर कांग्रेस का या विपक्ष का कोई और मुख्यमंत्री होता तो उसकी ब्रेन रीडिंग भी यह कर देते और पूरे खानदान की भी। मगर यहां नीतीश की और जो उनके बेटे निशांत को बिहार में स्थापित करने की बात कही जा रही है उसकी राजनीतिक समझ की भी एक बात यह मीडिया नहीं करता है।

संसद के सदनों के चाहे अंदर नहीं गूंजे मगर संसद सदस्यों के बीच तो यह मुद्दा सबसे हॉट टॉपिक रहेगा ही कि नीतीश का राजनीतिक कैरियर किस अपमानजनक तरीके से खत्म किया जा रहा है। सोमवार को पहले दिन ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके नोटिस पर टीएमसी ने साइन नहीं किए थे। शायद कोई रियायत की उम्मीद होगी। मगर राष्ट्रपति को उनके खिलाफ खड़ा करके शिकंजा और कसा जा रहा है। ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष को हटाए जाने का प्रस्ताव जो वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी के ही खिलाफ है उस पर टीएमसी के तेवर भी अब कड़े होंगे।

राजनीति

मतलब बजट सत्र के पहले पार्ट में जो एक बड़ी विपक्षी पार्टी टीएमसी खुद को संयुक्त विपक्ष से अलग दिखा रही थी वह भी अब बजट सत्र के दूसरे पार्ट में साथ मिलकर काम करेगी। देखना मजेदार होगा संसद में ही यह घोषणा करने वाले कि एक अकेला सब पर भारी मोदी कितना विपक्ष के सामने टिक पाते हैं। पार्ट वन में तो लोकसभा ही नहीं आए थे। पार्ट टू में क्या राज्यसभा से भी बचेंगे?

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा होने वाली है। संसद से वहां के लिए भी संदेशे जाएंगे। विपक्ष तो पहुंचाएगा ही। देखना प्रधानमंत्री को होगा कि वे किस तरह अब संसद को फेस कर पाते हैं?

# मुहम्मदाबाद में नई जल टंकी का निर्माण शुरू, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति होगी मजबूत

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद नगर पालिका अंतर्गत शहर में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इसके तहत पकड़ी क्षेत्र के पास नई पानी की टंकी के निर्माण के लिए खुदाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद शहर के कई वार्डों में पेयजल आपूर्ति में सुधार होने की उम्मीद



है।जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 7, 18, नोनियापुरा और कोट क्षेत्र के लोगों को काफी समय से पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पा रहा था। पानी की कमी के कारण स्थानीय निवासियों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद ने नए स्थान पर पानी की टंकी निर्माण का निर्णय लिया।

# गाजीपुर में बागवानी विकास मिशन की दो दिवसीय गोष्ठी सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर । एकीकृत** बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत दूसरे दिन जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय के परिसर में आयोजित दो दिवसीय गोष्ठी/सेमिनार के समापन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। सर्वप्रथम आशीष कुमार, जिला उद्यान अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों तथा अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया एवं दीप प्रज्जवलन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। दूसरे दिन के तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र, आंकुशपुर, गाजीपुर के वैज्ञानिक डा0 दीपक प्रजापति द्वारा मृदा संरक्षण तथा सब्जियों में लगने वाले रोग से सम्बन्धित बिषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। डा0 शिवकुमार सिंह, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, पी0जी0कालेज, गाजीपुर द्वारा वर्मी कम्पोस्ट तथा फलों एवं सब्जियों में वैल्यू एडीसन के बारे में बताया गया, साथ ही जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार, यू0पी0डास्प के परियोजना अधिकारी वी0के0 राय, भूमि संरक्षण अधिकारी जीतलाल गुप्ता के साथ अन्य विभागीय




अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के योजनाओं के बारे में कृषकों का अवगत कराया गया। स्वामी सहजानन्द फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 के निदेशक रूद्रप्रताप सिंह द्वारा जनपद के कृषकों को जैविक विधि का उपयोग करते हुए गाय के गोबर से बने वर्मी कम्पोस्ट का खेतों में अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कृषकों को अधिक से अधिक नवीन तकनीक अपनाकर खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिसमें पॉलीहाउस में उत्पादित होने वाले सब्जियों तथा फूलों को बढ़ावा देकर अपनी आय में वृद्धि की जा सकती है।

कार्यक्रम की समाप्ति के क्रम में जनपद के दस प्रगतिशील कृषकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा संस्थाओं द्वारा लगाये गये यंत्रों, मशीनरी के स्टॉलों को मुख्य अतिथि द्वारा अंगवस्त्र तथा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# एक युवक का अवैध असलहों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

**सुल्तानपुर**

**लम्भुआ** थाना क्षेत्र के एक युवक का अवैध असलहों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल।फोटो वायरल होते ही क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म,आरोपी युवक के पिता



ने कहा बेटे को साजिश के तहत गांव के युवक ने फंसाया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध असलहों के साथ वायरल युवक एवं एक अन्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार। लंभुआ थाना क्षेत्र के एक युवक का अवैध असलहों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल। वायरल तस्वीरों में युवक अलग-अलग अंदाज में हथियारों के साथ दिखाई दे रहा है,जिससे क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। सूत्रों के अनुसार वायरल तस्वीरों में दिख रहे युवक की पहचान रजक निवासी नरेंद्रपुर थाना लंभुआ के रूप में बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि युवक ने हथियारों के साथ फोटो खिंचवाकर उन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसके बाद तस्वीरें तेजी से वायरल हो गईं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर अवैध असलहों के साथ वायरल युवक को लंभुआ पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए।

# भदोही के उंझ थाना क्षेत्र बिछिया में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ईंट भट्ठा मजदूर की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। थाना** ऊंज क्षेत्र के चौराकलाझविश्वनाथपुर मार्ग पर माइनर के पास स्थित प्रताप ईंट उद्योग बनकट के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक ईंट भट्ठा मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान जीत नारायण आदिवासी (62) निवासी ग्राम मेवाड़ी लहगपुर, थाना लालगंज जनपद मिजार्पुर के रूप में हुई है, जो पिछले आठ वर्षों से प्रताप ईंट



उद्योग बनकट बिछिया में परिवार के साथ मजदूरी करता था।

बताया गया कि मंगलवार रात भोजन के बाद शराब के नशे में उसका पत्नी मुन्नी देवी से विवाद हो गया, जिसके बाद वह घर से निकल गया। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे उसका शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल व क्षेत्राधिकारी प्रभात राय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए।

# इमाम हजरत अली की शहादत की याद में मजलिस,ताबूत का जुलूस हुआ आयोजित

**सुल्तानपुर**

**बल्दीराय** तहसील क्षेत्र के कस्बा इसौली में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हजरत अली की शहादत की याद में मुगलहिया मस्जिद में एक मजलिस आयोजित हुई। मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास ने सम्बोधित किया।

मजलिस के फौरन बाद ताबूत का जुलूस आयोजित हुआ जिसमें अंजुमन सिपाहे हुसैनी भंनौली सादात के नौहा ख्वान जोहरकैन, रिजवान आदि ने नौहा पढ़कर इमाम हजरत अली को श्रद्धांजलि अर्पित की।



उपस्थित सैकड़ों इमाम के चाहने वालों ने नौहा व मातम करके इमाम हजरत अली की शहादत को याद किया।आपको बता दें की 40हिजरी में रमजान माह की 19तारीख को अरब के कुफा शहर की मस्जिद में नमाज के दौरान इस्लाम के इतिहास में इस्लाम धर्म के प्रमुख प्रवर्तक मोहम्मद साहब के दामाद हजरत अली पर जहर में बुझी तलवार से अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम से आतंकी हमला किया था।आतंकी हमले के तीन दिन बाद 21रमजान को हजरत अली शहीद हो गए थे।इमाम के चाहने वाले प्रतिवर्ष गम मानते हैं।

# विद्युत समस्याओं के निस्तारण को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।जनपद** में विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक प्रतिनिधि ज्ञानपुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि विद्युत विभाग से जुड़ी जन समस्याओं



का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मर, लाइन की खराब स्थिति तथा बिलिंग संबंधी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक औराई दीनानाथ भास्कर ने भी बैठक में कहा कि वित्तीय वर्ष2024 ,25 वित्तीय वर्ष 2025 ,26 मैं स्वीकृत सभी कार्यों सत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करे विद्युत से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से बनाए रखें और प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कहीं से भी अनावश्यक शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, ट्रांसफार्मरों की क्षमता, लाइन मरम्मत तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों ने भी विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। अंत में जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाए, ताकि आमजन को बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।, इस अवसर पर राधेश्याम ए सी विद्युत मंडल भदोही अधिशासी अभियंता ज्ञानपुर राजेश कुमार अधिशासी अभियंता भदोही एसके सिंह समस्त एसडीओ नगर पालिका अध्यक्ष गोपीगंज जीतेन्द्र गुप्ता जी , नगर पालिका अध्यक्ष सुरियावां विनय चौरसिया , नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानपुर घनश्याम दास गुप्ता राजकुमार निषाद जी , व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गंजेहड़ी के जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**सुल्तानपुर**

**कुड़वार** थाना क्षेत्र के गाँव गंजेहड़ी में पवित्र रमजान माह के अवसर पर जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। डॉक्टर जिगर के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी जामा मस्जिद





में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।इफ्तार पार्टी में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की। डॉ जिगर के द्वारा आयोजित इस इफ्तार पार्टी में रोजेदारों ने रोजा खोलने के लिए जामा मस्जिद में शिरकत की। गंजेहड़ी के जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी के दौरान देश की खुशहाली और अमन, चैन के लिए दुआ की गई। इस अवसर पर आपसी भाईचारा बना रहने की भी दुआ की गई।रमजान का महीना मुसलमानों के लिए एक पवित्र और महत्वपूर्ण महीना होता है।

# दिल्ली के विज्ञान भवन में गूंजा चित्रकूट का नाम, जल प्रबंधन में दो ग्राम पंचायतें राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित

- राष्ट्रपति के हाथों मिला राष्ट्रीय सम्मान
- मनकुंवार और छिवलहा बनी मिसाल

**अखंड भारत संदेश**



राष्ट्रपति से सम्मान प्राप्त करते ग्राम पंचायत प्रधान

**चित्रकूट।** जल जीवन मिशन के तहत चित्रकूट की ग्राम पंचायतों ने ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसकी गूंज अब राष्ट्रीय मंच तक पहुंच गई है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित जल महोत्सव 2026 के अंतर्गत 11 मार्च को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय मेगा कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चित्रकूट की मनकुंवार ग्राम पंचायत की प्रधान श्रीमती रचना देवी को उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह एवं अनुकरणीय वित्तीय स्थिरता श्रेणी में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए महामहीम राष्ट्रपति के कर कमलों से राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ। वहीं छिवलहा ग्राम पंचायत के प्रधान देवस्वरूप को इसी श्रेणी में माननीय जल शक्ति मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। मनकुंवार में 340 और छिवलहा में 422 घरों को गृह जल संयोजन के माध्यम से मऊ ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़ा गया है। ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति और जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के समन्वित प्रयासों से उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह की पारदर्शी और प्रभावी व्यवस्था विकसित की गई। ग्राम सभाओं, जनजागरूकता अभियानों और घर-घर संपर्क के माध्यम से ग्रामीणों को जल प्रबंधन की जिम्मेदारी से जोड़ा गया। रसीद प्रणाली, रजिस्टर संधारण और बैंक खातों के जरिए वित्तीय प्रबंधन को मजबूत बनाया गया। प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश, जल निगम ग्रामीण तथा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में यह व्यवस्था मजबूत हुई। इन प्रयासों का परिणाम यह रहा कि गांवों में जलापूर्ति योजनाओं के सतत संचालन और वित्तीय स्थिरता का मॉडल विकसित हुआ। यह सम्मान केवल दो पंचायतों का नहीं, बल्कि चित्रकूट और पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का प्रतीक बन गया है।

# गांव-गांव गूंजेगी नारी न्याय की आवाज चित्रकूट में नारी अदालत की नई पहल

न्याय दिलाने मैदान में उतरी न्याय सखियां

**अखंड भारत संदेश**



नारी अदालत में मौजूद न्याय सखियां

**चित्रकूट।** जिले में महिलाओं को न्याय और सुरक्षा का सशक्त मंच देने की दिशा में एक नई पहल शुरू हुई है। बुधवार को जिला प्रोबेशन कार्यालय में नारी अदालत योजना के तहत चयनित मुख्य न्याय सखी और सदस्य न्याय सखियों की बैठक जिला प्रोबेशन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नारी अदालत टीम को उनके दायित्वों और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रत्येक माह दो बैठकों के माध्यम से विकासखंड स्तर पर घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और महिला शोषण से जुड़े मामलों की सुनवाई कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। यदि किसी मामले का निस्तारण स्थानीय स्तर पर संभव न हो तो उसे विभागीय कार्यालय को अवगत कराया जाएगा। साथ ही टीम को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना और महिला हेल्पलाइन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भी दी गई। बैठक के बाद नारी अदालत टीम को सखी वन स्टाप सेंटर ले जाकर वहां की कार्यप्रणाली और स्टाफ से भी परिचित कराया गया।

# कूड़ा, पानी और सड़क पर फोकस- डीएम की बैठक में विकास का नया ब्लूप्रिंट तैयार

- स्वच्छता, फुटपाथ व रोशनी पर जोर
- बैठक में निकायों को कड़े निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले में शहरी विकास और स्वच्छता व्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद कर्वी, नगर पंचायत राजापुर और मानिकपुर द्वारा टाइड व अनटाइड मदों के तहत करोड़ों रुपये के विकास प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। कर्वी नगर पालिका ने लगभग 456.60 लाख रुपये टाइड मद और 499.96 लाख रुपये अनटाइड मद में योजनाएं प्रस्तावित कीं, जबकि राजापुर और मानिकपुर निकायों ने भी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए अपने-अपने बजट प्रस्ताव रखे। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शहरी विकास का केंद्र बिंदु पेयजल, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन होना चाहिए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल टैंकर, क्लोरीनेशन डोजर और पाइपलाइन विस्तार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं कूड़ा प्रबंधन को आधुनिक बनाने के लिए टाटा एसीई ईवी हॉपर, रिफ्यूज कॉम्पेक्टर, जेटिंग मशीन और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग पर जोर दिया गया। निर्देश दिया कि घरों से कूड़ा केवल काली पन्नियों में ही एकत्र किया जाए ताकि डंपिंग प्वाइंट पर गंदगी न फैले और शहर की छवि बेहतर बने। निर्माण कार्यों के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प, इंटरलॉकिंग सड़कों और नालियों के निर्माण के साथ पटेल तिराहा से धनुष चौराहा तक फुटपाथ और स्ट्रीट लाइट लगाने को प्राथमिकता दी गई। जिलाधिकारी ने निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए सभी नागरिकों और संस्थानों से अनिवार्य यूजर फीस वसूलने, विज्ञापन स्थलों को चिन्हित कर दो वर्षीय टेंडर प्रक्रिया पूरी करने तथा प्रत्येक दो वर्ष में 10 प्रतिशत शुल्क वृद्धि लागू करने के निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था पर सख्ती दिखाते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सफाई कर्मचारी निर्धारित ड्रेस और जैकेट में ही कार्य करेंगे, अन्यथा एक दिन का वेतन रोका जाएगा। साथ ही बैंकों के सहयोग से ड्रेस पर लोगो लगाकर अतिरिक्त राजस्व जुटाने का सुझाव भी दिया गया।

# पुलिस भर्ती से पहले वायरल हुआ फ्री बस यात्रा का दावा, परिवहन निगम ने बताया फर्जी

**चित्रकूट।** जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही एक सूचना ने अभ्यर्थियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है। वायरल संदेशों में दावा किया जा रहा है कि उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में एडमिट कार्ड दिखाकर निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। हालांकि चित्रकूट डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने इस सूचना को पूरी तरह भ्रामक और असत्य बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी 14 और 15 मार्च को होने वाली परीक्षा के लिए निगम मुख्यालय लखनऊ की ओर से ऐसी कोई अनुमति या आदेश जारी नहीं किया गया है। अफवाहों से बचाने के लिए बस अड्डों पर हेल्प डेस्क के माध्यम से जानकारी दी जा रही है और चालकों-परिचालकों को भी वास्तविक स्थिति से अवगत कराया गया है। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही अपुष्ट खबरों के झांसे में न आएं और केवल अधिकृत सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

## चार साल से आख्या का खेल

# सरकारी जमीन पर भू-माफिया का अवैध कब्जा, राजस्व विभाग मौन

- कागज नहीं फिर भी कब्जा बरकरार
- पंचायत भवन से श्मशान तक अवैध कब्जा
- गाटा 276 की कहानी बनी प्रशासनिक पहेली

**चित्रकूट।** जिले में सरकारी जमीनों पर कब्जे का मामला एक बार फिर राजस्व विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मामला मौजा रेपुरा के गाटा संख्या 276 से जुड़ा है, जहां बीते चार वर्षों से लगातार शिकायतें और प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक अवैध कब्जों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। शिकायतकर्ता लवकुश शुक्ला पुत्र रामसिया शुक्ला निवासी रैपुरा का आरोप है कि गाटा संख्या 276 सहित कई अन्य सरकारी जमीनों पर भू-माफियाओं ने पंचायत भवन, सेक्टर प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय के कमरे और यहां तक कि श्मशान घाट जैसी सार्वजनिक संपत्तियों पर भी कब्जा जमा रखा है। मजे की बात यह है कि आरोपितों के पास जमीन से संबंधित कोई वैध कागजात तक नहीं हैं, फिर भी मामला वर्षों से मुकदमे और आख्या की प्रक्रिया में उलझा हुआ है। दस्तावेजों के अनुसार, राजस्व निरीक्षक की मौजूदगी में स्थलीय जांच में भी अवैध कब्जे की बात सामने आई थी और अतिक्रमण हटाने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया गया। इसके बावजूद राजस्व विभाग हर बार आख्या प्रस्तुत करने की प्रक्रिया तक ही सीमित रह गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि चार वर्षों से एक ही तरह की आख्या लगाकर मामले को लटकाया जा रहा है, जबकि वास्तविक कार्रवाई से विभाग लगातार बचता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कब्जाधारियों के पास कोई वैध अभिलेख नहीं हैं तो फिर मुकदमे को इतने लंबे समय तक क्यों घसीटा जा रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि राजस्व विभाग में गलत आख्या लगाने की मानो परंपरा बन चुकी है और कथित रूप से मोटी रकम लेकर मामलों को दबा दिया जाता है। इस पूरे मामले पर पक्ष जानने के लिए जब एसडीएम मऊ से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठ सका। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई कब होगी और क्या राजस्व विभाग इस मामले में कभी सख्त कदम उठाएगा?

# ऑनलाइन आरोप, आत्मघाती लाइव और मुकदमा- चित्रकूट में सियासत का नया डिजिटल ड्रामा

**चित्रकूट।** जिले में हाल ही में सामने आई एक सनसनीखेज घटना ने न केवल प्रशासनिक हलकों बल्कि राजनीतिक गलियारों में भी नई बहस छेड़ दी है। खुद को भाजपा से जुड़ा बताने वाले और विश्व हिंदू महासंघ युवा मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद पर सक्रिय होने का दावा करने वाले एक युवक ने पहले सोशल मीडिया पर लाइव आकर आत्महत्या का प्रयास किया और जब समय रहते उसे रोक लिया, तो वह सीधे कोतवाली पहुंचकर मीडिया के सामने ब्लॉक प्रमुख पर भ्रष्टाचार और मारपीट जैसे गंभीर आरोपों की झड़ी लगाने लगा। इस पूरे घटनाक्रम का अंदाज जितना नाटकीय रहा, उतने ही सवाल भी खड़े हो गए हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि ब्लॉक प्रमुख पर लगाए गए आरोप कोई पहली बार नहीं हैं। इससे पहले भी यही युवक सोशल मीडिया के माध्यम से कई बार सार्वजनिक रूप से ऐसे आरोप लगा चुका है। ऐसे में सवाल है कि क्या अब चित्रकूट में विवादों और शिकायतों का नया मंच अदालत, कलेक्ट्रेट, जनसुनवाई या प्रशासनिक दफ्तर नहीं बल्कि सीधे सोशल मीडिया बनने लगा है? क्या जेनरेशन जी की यह नई प्रवृत्ति है कि पहले फेसबुक लाइव के जरिए सनसनी पैदा की जाए, फिर आत्मघाती प्रयास जैसे कदम से ध्यान आकर्षित किया जाए और उसके बाद पुलिस व मीडिया के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई जाए? राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यदि यह तरीका चलन बन गया तो यह व्यवस्था और समाज दोनों के लिए गंभीर संकेत होगा। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, और आरोपी के खिलाफ किसी तरह का आत्म हत्या की कोशिश का मुकदमा नही दर्ज किया है। लेकिन इस पूरे प्रकरण ने यह सवाल जरूर छोड़ दिया है कि क्या ध्यान आकर्षित करने की यह नई सोशल मीडिया राजनीति अब चित्रकूट में भी अपनी जड़ें जमाने लगी है।

# भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच युवक का आत्मघाती लाइव बना सियासी मुद्दा, अज्ञात के नाम मुकदमा दर्ज

- आरोपों के घेरे में ब्लॉक प्रमुख
- सत्ता व संगठन में मची हलचल

**अखंड भारत संदेश**



ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी

**चित्रकूट।** जिले में सोशल मीडिया पर एक सनसनीखेज घटना ने सियासी और प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी। पहाड़ी ब्लॉक क्षेत्र के गोसाईपुर बछरन निवासी प्रियांशु मिश्रा ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लाइव आकर पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। लाइव वीडियो में उन्होंने पहाड़ी ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी पर करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार और अपने साथ मारपीट करवाने जैसे गंभीर आरोप लगाए। प्रियांशु मिश्रा वर्तमान में शहर में किराए के कमरे में रहते हैं और भारतीय जनता पार्टी के साथ विश्व हिंदू महासंघ युवा मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद पर सक्रिय हैं। लाइव वीडियो देखते ही एक स्थानीय भाजपा नेता मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खुलवाकर युवक को फंदे से उतारकर उसकी जान बचा ली। प्रियांशु का आरोप है कि उन्होंने ब्लॉक में करोड़ों रुपये के कथित भ्रष्टाचार की शिकायत की थी, जिससे नाराज होकर ब्लॉक प्रमुख ने अपने समर्थकों से उनकी और उनके पिता की पिटाई करवाई। पीड़ित का कहना है कि उसने इस मामले की शिकायत कई अधिकारियों से की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आहत होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की। घटना के बाद प्रियांशु मिश्रा ने कर्वी कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, जिस पर पुलिस ने 5-6 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है व शक के आधार पर ब्लॉक प्रमुख का नाम लिखा है। आगे पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं उसकी मां कल्पना मिश्रा ने भी परिवार की सुरक्षा की मांग की है। इस सनसनीखेज प्रकरण के सामने आने के बाद जिले में सियासी बहस तेज हो गई है। इस संदर्भ में ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि उनका इस व्यक्ति से किसी तरह का कोई संबंध नही है, न मै इसे जानता हूं- सारे आरोप एक तरह की सस्ती लोककप्रियता का माध्यम बताया है।

# पहियों पर चला बदलाव का संदेश, बाल विवाह मुक्ति रथ ने जगाई नई चेतना

- नहीं होगा बचपन का सौदा
- बाल विवाह के खिलाफ उठी आवाज

**अखंड भारत संदेश**




खोह में कैंडिल मार्च के साथ अभियान के समापन में मौजूद टीम

**चित्रकूट।** जिले में बचपन को बंधनों से मुक्त करने का संदेश लेकर निकला बाल विवाह मुक्ति रथ पिछले एक महीने तक गांव-गांव और कस्बों में जागरूकता की मशाल जलाता रहा। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के 100 दिवसीय गहन अभियान के तहत शुरू हुई इस पहल को जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क के सहयोग से व्यापक जनसमर्थन मिला। बांदा-चित्रकूट की सांसद द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए इस रथ ने 30 दिनों में जिले के 75 गांवों तक पहुंचकर हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया। अभियान के दौरान छात्रों, धर्मगुरुओं, पंचायत प्रतिनिधियों और विवाह समारोहों में सेवाएं देने वाले कैटरर्स, बैंड व घोड़ी संचालकों को भी जोड़ा गया और उनसे अपील की गई कि वे बाल विवाह में किसी भी प्रकार की भागीदारी से इंकार करें। लोगों को शपथ दिलाते हुए समझाया गया कि बाल विवाह केवल सामाजिक कुप्रथा नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों पर हमला और कानून की नजर में दंडनीय अपराध है। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के सचिव शंकर दयाल ने कहा कि यह यात्रा केवल प्रतीक नहीं, बल्कि पहियों पर चलती सामाजिक चेतना थी, जिसने लोगों को यह समझाया कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य, शिक्षा और स्वास्थ्य पर गहरा आघात करता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कर्वी ब्लॉक के ग्राम पंचायत खोह में कैंडिल मार्च के साथ इस अभियान का समापन हुआ, लेकिन चित्रकूट को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

# बरगढ़ में रफ्तार का कहर, आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, दो युवक गंभीर घायल

**बरगढ/चित्रकूट।** तहसील. में तेज रफ्तार ने बुधवार को फिर एक दर्दनाक हादसे को जन्म दे दिया। आदर्श कॉलोनी के पास आमने-सामने से आ रही दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में चालक करन वर्मा और राजा आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर तड़पने लगे और आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी संजय पाण्डेय मौके पर पहुंचे और तत्काल 112 पर पुलिस को सूचना देते हुए 108 एम्बुलेंस से संपर्क किया। तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

## नाबालिग से दरिंदगी पर अदालत का कड़ा प्रहार, आरोपी को 20 साल की सजा

**चित्रकूट।** जिले में नाबालिग से दरिंदगी के एक सनसनीखेज मामले में विशेष पॉक्सो एक्ट अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और छह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष पॉक्सो एक्ट) रेनू मिश्रा की अदालत ने सुनाया। दोषी ठहराया गया अभियुक्त विकोदर सिंह उर्फ दीपक कुमार ग्राम चौरा थाना पहाड़ी का निवासी है। अभियोजन के अनुसार 14 दिसंबर 2020 को आरोपी ने एक नाबालिग लड़की को धमकाकर अरहर के खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की सूचना पर थाना पहाड़ी में मुकदमा दर्ज हुआ और आरोपी को 16 दिसंबर 2020 को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत इस मामले को प्राथमिकता से चिन्हित कर प्रभावी पैरवी की गई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता की बहस और पुलिस टीम के प्रयासों से अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए कड़ी सजा सुनाई।

## कलेक्ट्रेट में कल सजेगा जवाबदेही का दरबार, चार जिलों के अफसर तलब

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सभापति गोविंद नारायण शुक्ल 12 मार्च को झांसी से सड़क मार्ग द्वारा चित्रकूट पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। 13 मार्च को सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में चित्रकूट, बांदा, महोबा और हमीरपुर के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक होगी। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## हाईस्कूल परीक्षा के बाद शादी में जा रही किशोरी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**चित्रकूट।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल दीं। शिवरामपुर चौकी क्षेत्र के पथरौड़ी मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने 17 वर्षीय किशोरी प्रियंका देवी को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। प्रियंका, कामद नगर पथरौड़ी निवासी फूलचंद की बेटी थी और मंगलवार को अपनी हाईस्कूल की अंतिम परीक्षा देकर बेहद खुश घर लौटी थी। शाम को वह पास के मछरिया गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने पैदल निकली थी, तभी भरतकूप से कर्वी की ओर जा रही सफेद कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भांगा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मजदूरी कर परिवार चलाने वाले पिता और परिजनों पर इस हादसे ने गहरा दुख छोड़ दिया है। आरोपी चालक फरार है, हालांकि पुलिस ने वाहन की पहचान कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शाहेद जैसा असर, कीमत बेहद कम! भारत के आत्मघाती ड्रोन डीआरडीओ का नया 'ब्रह्मास्त्र'

**अमेरिका**

**अमेरिका** और इजराइल के साथ चल रहे युद्ध में ईरान को कम लागत वाले ड्रोनों से अभूतपूर्व लाभ मिला है। ईरान के शाहेद-136 ड्रोन से प्रेरित होकर स्वदेशी ड्रोन बनाए जा रहे हैं, जिनकी कीमत प्रति यूनिट 20,000 डॉलर से 50,000 डॉलर के बीच है। दरअसल, अमेरिका का कम लागत वाला मानवरहित लड़ाकू हमला प्रणाली ड्रोन भी शाहेद के समान ही डिजाइन पर आधारित है। भारत भी स्वदेशी लंबी दूरी के मारक ड्रोनों से अपनी मारक क्षमता बढ़ा रहा है। वर्तमान युद्ध में अपनी क्षमता साबित करने से पहले, ईरान के शाहेद-136 ड्रोन ने रूस-यूक्रेन संघर्ष में अपनी छाप छोड़ी, जिसके चलते कीव को उन्हें रोकने के लिए लाखों डॉलर खर्च करने पड़े। एक प्रभावी वायुसेना के बिना भी ईरान का देशों के भीतरी इलाकों तक मार करने की क्षमता उसके ड्रोनों और मिसाइलों की ताकत को दर्शाती है। अमेरिका के कम लागत वाले लूकास ड्रोन ईरान के शाहेद-136 से काफी मिलते-जुलते हैं। यूक्रेन-रूस युद्ध से पहले, नागोर्नो-काराबाख को लेकर आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच हुए संघर्ष ने यह दिखाया कि ड्रोन और लोइटरिंग मुनिशन्स (लोइटरिंग मुनिशन्स) किस प्रकार सैन्य शक्ति संतुलन को बदल सकते हैं। अजरबैजान ने युद्ध जीता और उसकी जीत का श्रेय ड्रोनों के व्यापक उपयोग को दिया जाता है।

इसका नया पहलू कम लागत वाले ड्रोन हैं जो दुश्मन को आर्थिक और भौतिक रूप से कमजोर बना देते हैं। उदाहरण के लिए, शाहेद-136 आत्मघाती ड्रोन की कीमत 20,000 डॉलर से 50,000 डॉलर के बीच है। लेकिन अमेरिका और इजराइल इन्हें रोकने के लिए लाखों डॉलर खर्च कर रहे हैं। प्रत्येक पैट्रियट मिसाइल की कीमत 40 लाख डॉलर है, जबकि कुछ इंटरसेप्टर की कीमत 120 लाख डॉलर तक हो सकती है। भारत के पास पहले से ही कई स्वदेशी ड्रोन हैं जो परिचालन में हैं या उसकी सशस्त्र सेनाओं में शामिल किए जा चुके हैं। मध्यम ऊंचाई लंबी सहनशक्ति और उच्च ऊंचाई



लंबी सहनशक्ति जैसे प्रमुख उन्नत ड्रोन परीक्षण या विकास के चरण में हैं, वहीं भारतीय निजी कंपनियों और DRDO द्वारा निर्मित छोटे सामरिक, निगरानी, झुंड और लड़ाकू ड्रोन वितरित किए जा चुके हैं, शामिल किए जा चुके हैं और अभ्यास और वास्तविक परिदृश्यों सहित विभिन्न परिचालन कार्यों में उपयोग किए जा रहे हैं।

भारत के शेषनाग और प्रोजेक्ट काल स्ट्राइक ड्रोन क्या हैं?

सटीक हमलों के लिए कई स्वदेशी हमलावर ड्रोन, मुख्य रूप से लोइटरिंग मुनिशन्स शामिल किए हैं। ऐसा ही एक स्वदेशी ड्रोन सोलर इंडस्ट्रीज का नागास्त्र-1 है, जिसे 2024 से शामिल किया जा रहा है और इसके बैचों की डिलीवरी हो चुकी है। ये एकतरफा सिस्टम न्यूनतम संपार्श्विक क्षति के साथ पैदल सेना स्तर के सटीक हमले करने में सक्षम हैं। बेंगलुरु स्थित अल्फा डिजाइन द्वारा इजरायल की एलबिट सिस्टम्स के सहयोग से विकसित स्काईस्ट्राइकर 'आत्मघाती ड्रोन' ने भी जम्मू और कश्मीर के अग्रिम क्षेत्रों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपना परिचालन प्रारंभ किया। हालांकि, भारत में अब कम लागत वाले शाहेद-प्रकार के ड्रोन विकसित किए जा रहे हैं। प्रोजेक्ट केएएल, कथित तौर पर अपने शुरूआती चरण में है, और इसे 1,000 किमी तक की मारक क्षमता और तीन से पांच घंटे की सहनशक्ति वाले गहरे क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले स्ट्राइक ड्रोन के रूप में डिजाइन किया गया है। यह दुश्मन के क्षेत्र में उड़ान भर सकता है, लक्ष्यों की पहचान कर सकता है, अपना मार्ग बदल सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर का अजेय योद्धा, अब मुस्लिम देश की फौज में शामिल होगा

**इंडोनेशिया**

**इंडोनेशिया** ने भारत से ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली खरीदने के समझौते की पुष्टि कर दी है। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी रिको रिकार्डो सिराइट ने इस बात की पुष्टि की है। यह समझौता दोनों देशों के बीच महीनों की बातचीत के बाद हुआ है। 2023 में भारतीय और रूसी सरकारों के संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस ने कहा था कि वह इंडोनेशिया के साथ 200 मिलियन डॉलर से 350 मिलियन डॉलर के अनुबंध के लिए बातचीत के उन्नत चरण में है। यह समझौता इंडोनेशिया द्वारा अपनी सैन्य क्षमताओं, विशेष रूप से मिसाइल प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली अपनी गति और सटीकता के लिए जानी जाती है, जो इसे राष्ट्रीय रक्षा के लिए एक रणनीतिक संपत्ति बनाती है।

सिंदूर ऑपरेशन में भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों ने सटीक हमले की क्षमता को नया




आयाम दिया। सिंदूर ऑपरेशन में पहलगाम आतंकी हमले के बाद, भारत ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों को मुख्य आक्रामक हथियार के रूप में तैनात किया, ताकि पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में गहराई तक और आतंकी ढांचे के खिलाफ सटीक हमले किए जा सकें। मुख्य रूप से संशोधित सुखोई-30 एमकेआई विमानों से दागी गई ब्रह्मोस मिसाइलों की उच्च गति, सटीकता और बहु-प्लेटफॉर्म क्षमता ने इसे महत्वपूर्ण रनवे, कमांड सेंटर और मजबूत ठिकानों को निष्क्रिय करने में सक्षम बनाया, जिससे पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई करने की क्षमता काफी हद तक कम हो गई। इसका सफल परिचालन उपयोग भारतीय सशस्त्र बलों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी और इसने भारत की रणनीतिक हमले और आत्मनिर्भर रक्षा क्षमताओं को प्रदर्शित किया।

भारत का अन्य देशों के साथ समझौता

इससे पहले, भारत ने फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की आपूर्ति के लिए 375 मिलियन अमेरिकी डॉलर का समझौता किया था और पिछले साल अप्रैल में पहली खेप की डिलीवरी की थी। यह समझौता दक्षिण चीन सागर में चीन के सैन्य प्रदर्शन के बीच हुआ था। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक सी-17 ग्लोबमास्टर परिवहन विमान ने मिसाइलों और उनके लॉन्चरों को फिलीपींस पहुंचाया, जहां देश की नौसेना द्वारा इनका उपयोग किया जाना था। गौरतलब है कि वियतनाम भी ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली खरीदने के लिए भारत के साथ बातचीत के उन्नत चरण में है।

# भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए एयर इंडिया का मिशन

**ईरान**

**इजराइल** ने मध्य पूर्व में अपने सैन्य अभियान तेज कर दिए हैं और दक्षिणी लेबनान, बेरूत और ईरान के कुछ हिस्सों पर हमले किए हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की एक बड़े सैन्य अभियान के दौरान हुई मौत के बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष और भी तीव्र हो गया है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है, क्योंकि ईरान का अमेरिका और इजराइल के साथ टकराव बढ़ता जा रहा है। दोनों पक्षों के जोरदार हमलों के बीच, तेहरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ईरान को विभाजित करना चाहता है और देश से "तेल छीनना" चाहता है। ईरान ने पुष्टि की है कि 86 वर्षीय खामेनेई की 28 फरवरी को तेहरान में समन्वित हवाई हमलों में हत्या कर दी गई, जिसमें ईरान के प्रमुख सरकारी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया था। हत्या के बाद, ईरान ने मोजतबा खामेनेई को देश का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया।



ईरान के सैन्य और राजनीतिक नेताओं ने मोजतबा खामेनेई के प्रति निष्ठा की शपथ ली है, जिन्हें उनके पिता की मृत्यु के बाद सर्वोच्च नेता नामित किया गया है। राज्यसभा को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ती स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बढ़ती हिंसा, भारी जानमाल की हानि और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान ने कई क्षेत्रों में सामान्य जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जयशंकर ने कहा कि इस क्षेत्र से भारत के घनिष्ठ संबंधों के कारण यह संकट विशेष रूप से चिंताजनक है। भारत के रुख को दोहराते हुए, उन्होंने 28 फरवरी को जारी सरकार के उस बयान का हवाला दिया जिसमें संयम बरतने, नागरिकों की सुरक्षा करने और सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान करने का आह्वान किया गया था। मंत्री ने संसद को चल रहे बड़े पैमाने पर निकासी प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी। क्षेत्र में भारतीय दूतावास चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, और आपातकालीन पुनर्वास उपायों के तहत पिछले दिन तक लगभग 67,000 भारतीय नागरिक अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर चुके थे।

# इजरायल ने जो कहा वो कर दिया



**ईरान**


**ईरान** ने मध्य पूर्व में अपने सैन्य अभियान तेज कर दिए हैं और दक्षिणी लेबनान, बेरूत और ईरान के कुछ हिस्सों पर हमले किए हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की एक बड़े सैन्य अभियान के दौरान हुई मौत के बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष और भी तीव्र हो गया है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है, क्योंकि ईरान का अमेरिका और इजराइल के साथ टकराव बढ़ता जा रहा है। दोनों पक्षों के जोरदार हमलों के बीच, तेहरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ईरान को विभाजित करना चाहता है और देश से "तेल छीनना" चाहता है। ईरान ने पुष्टि की है कि 86 वर्षीय खामेनेई की 28 फरवरी को तेहरान में समन्वित हवाई हमलों में हत्या कर दी गई, जिसमें ईरान के प्रमुख सरकारी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया था। हत्या के बाद, ईरान ने मोजतबा खामेनेई को देश का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया। ईरान के सैन्य और राजनीतिक नेताओं ने मोजतबा खामेनेई के प्रति निष्ठा की शपथ ली है, जिन्हें उनके पिता की मृत्यु के बाद सर्वोच्च नेता नामित किया गया है।

राज्यसभा को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ती स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बढ़ती हिंसा, भारी जानमाल की हानि और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान ने कई क्षेत्रों में सामान्य जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जयशंकर ने कहा कि यह संकट भारत के लिए विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि इस क्षेत्र के साथ उसके घनिष्ठ संबंध हैं। भारत के रुख को दोहराते हुए, उन्होंने 28 फरवरी को जारी सरकार के उस बयान का उल्लेख किया।

# रिपोर्ट ने खोली पोल, अमेरिकी मिसाइल ने ली 165 जानें?

**मीनाब**

**मीनाब** में एक स्कूल में हुए घातक विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों के बारे में नए सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसमें 165 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें से अधिकांश बच्चे थे। जांचकताओं का कहना है कि फुटेज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस दावे को चुनौती देता प्रतीत होता है कि इस हमले के पीछे ईरान का हाथ था। बेलिंगकैट नामक खोजी समूह द्वारा जांचे गए इस छोटे से वीडियो क्लिप में 28 फरवरी को स्कूल के पास एक इमारत पर गोला-बारूद गिरते हुए दिखाया गया है। विस्फोट से काले धुएं का एक बड़ा गुबार उठा जो



पहले से ही आसपास के इलाके से उठ रहे धुएं में मिल गया, जिससे संकेत मिलता है कि विस्फोट से कुछ क्षण पहले भी कई विस्फोट हुए थे।

बेलिंगकैट के शोधकताओं ने फुटेज की भौगोलिक स्थिति का पता लगाते हुए बताया कि यह दक्षिणी ईरानी शहर मीनाब, होर्मोजगान प्रांत में स्कूल के पास स्थित है। विश्लेषक ट्रेवर बॉल के अनुसार, वीडियो में दिख रहा हथियार टोमाहॉक क्रूज मिसाइल प्रतीत होता है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली मिसाइल है और संघर्ष में शामिल अन्य पक्षों द्वारा इसके इस्तेमाल की जानकारी नहीं है। यह फुटेज मूल रूप से ईरान की अर्ध-सरकारी मेहर न्यूज एजेंसी द्वारा प्रसारित किया गया था और बाद में सार्वजनिक स्त्रोतों से जानकारी जुटाने वाले शोधकताओं और पत्रकारों द्वारा इसकी जांच की गई। उपग्रह चित्रों की समीक्षा करने वाले विशेषज्ञों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि संभवतः स्कूल को पास के एक सैन्य परिसर को निशाना बनाकर किए गए।

# कादर और फतह लेकर टूट पड़ा ईरान, तबाही नहीं छिपा पा रहा इजरायल

**इजराइल**

**मिडिल** ईस्ट की जंग अब उस मुकाम पर आ गई है जहां से वापसी का रास्ता नामुमकिन नजर आता है। रविवार की रात ईरान ने इजराइल पर अब तक का सबसे भीषण और बड़ा हमला बोल दिया। तेल अवीव का आसमान 10 जोरदार धमाकों से दहल उठा। लेकिन इस बार कहानी अलग है। पहली बार इजराइल के अंदर हुई तबाही की तस्वीरें इतनी तेजी से वायरल हो रही हैं। ईरानी मिसाइलों और ड्रोंस ने इजराइल के डिफेंस को भेजते हुए वो मंजर पैदा किया जिसकी कल्पना किसी नेनहीं की थी। इजराइली सेना ने पुष्टि की है कि ईरान ने नई और घातक बैलेस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। आईडीएफ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादौसानी ने भले ही दावा किया कि रन की सैन्य क्षमता में गिरावट आई है लेकिन तेल अभी की सड़कों पर गिरे मलबे और जलती इमारतों की तस्वीरों ने दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आसमान में इंटरसेप्टर सिस्टम जरूर सक्रिय थे लेकिन ईरान के मिसाइलों की तादाद इतनी ज्यादा थी कि इजराइल का अभेद कवच भी इस बार बेबस नजर आया। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजिश्कियान के माफीनामे के महज 24 घंटे बाद ही पूरा क्षेत्र बारूद के ढेर में बैठ गया।

# इधर ईरान ने सुनाया नया और कड़ा फरमान, उधर सामने आया मोदी का नया प्लान

**अमेरिका**

**अमेरिका** और इजराइल के साथ जारी युद्ध के बीच ईरान ने अपने नागरिकों और खास तौर पर विदेशों में रहने वाले ईरानियों को कड़ा संदेश दिया है। तेहरान ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति अमेरिका, इजराइल या उनके सहयोगी देशों के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई करेगा, उसे मौत की सजा दी जा सकती है और उसकी देश में मौजूद संपत्ति भी जब्त की जा सकती है। हम आपको बता दें कि ईरान के अभियोजक कार्यालय ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति दुश्मन देशों या उनसे जुड़े एजेंटों के लिए काम करता है, सूचनाएं देता है या देश की सुरक्षा के खिलाफ किसी भी प्रकार की गतिविधि में शामिल होता है, तो यह गंभीर अपराध माना जाएगा। अधिकारियों के अनुसार ऐसे मामलों में कठोरतम सजा यानी मौत की सजा तक दी जा सकती है।

ईरान की चेतावनी का एक कारण विदेशों में रहने वाले सरकार विरोधी ईरानी भी माने जा रहे हैं। यूरोप, उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले कई ईरानी नागरिकों ने हाल के अमेरिकी हमलों और अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद जश्न मनाया था। तेहरान ने इसे देश विरोधी गतिविधि बताते हुए साफ किया है कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई हो सकती है।

ईरान की चेतावनी ऐसे समय सामने आई है जब पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव लगातार तेज हो रहा है। हाल के दिनों में अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इसके बाद ईरान की



विशेषज्ञ परिषद ने उनके पुत्र मोजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। उधर, सत्ता परिवर्तन के बाद ईरान की राजनीति और सुरक्षा व्यवस्था में सख्ती साफ दिखाई दे रही है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड ने नए सर्वोच्च नेता के प्रति पूर्ण निष्ठा की घोषणा की है और कहा है कि वह उनके आदेशों का पूरी तरह पालन करेगा। राजधानी तेहरान में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और नए नेता के समर्थन में नारे लगाए।

इस बीच युद्ध का असर केवल ईरान तक सीमित नहीं रहा है बल्कि पूरे पश्चिम एशिया में इसका प्रभाव दिखाई दे रहा है। इजराइल ने तेहरान में बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों और लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के ढांचों पर नए हवाई हमले किए हैं। वहीं बहरीन के बापको तेल शोधनालय और इराक में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमलों की खबरें भी सामने आई हैं। युद्ध के कारण मानवीय संकट भी गहराता जा रहा है। ईरान में अब तक एक हजार तीन सौ से अधिक नागरिकों के मारे जाने की खबर है। वहीं अमेरिकी सेना के अनुसार शुरूआती जवाबी हमलों में घायल एक और सैनिक की मौत हो गई है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# जहां ईरान ने मारी मिसाइल, वहीं 80 टन माल लेकर उतरा भारत, अब होगा असली खेल!

**अमेरिका**

**अमेरिका** और इजराइल के ईरान के साथ चल रहे इस भयंकर युद्ध ने दुनिया को हिलाकर रख दिया है। लेकिन ऐसे समय में जब मिडिल ईस्ट के देशों में जहाज नहीं पहुंच पा रहे हैं। उड़ाने रद्द हो रही है और फूड सिक्योरिटी का एक बड़ा संकट सामने खड़ा हो चुका है। उस वक्त भारत ने एक बार फिर अपनी दोस्ती का हाथ बढ़ाया। मदद मांगते ही भारत ने जहाज भेजा। सैकड़ों टन मदद पहुंचाई और इस कदम से ईरान भी हैरान हो गया। मार्च 2026 में यह युद्ध 28 फरवरी 2026 को शुरू हुआ था। जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए। इसे अमेरिका ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया। यह कोई साधारण संघर्ष नहीं है। यह एक ऐसा युद्ध है जो मिडिल ईस्ट को बदल सकता है। उसके नक्शे को बदल सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे ईरान की न्यूक्लियर महत्वाकांक्षाओं को रोकने का तरीका बताया है। शुरूआत में ही इजराइल और अमेरिका ने ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई को मार गिराया जो ईरान की राजनीति का सबसे बड़ा झटका था। खामेनेई के जाने के बाद ईरान ने जवाबी हमले शुरू कर दिए जिसमें इजराइल और अमेरिकी ठिकानों और यहां तक कि खाड़ी देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले शामिल हैं। 9 मार्च 2026 तक यह युद्ध अपने 10वें दिन में पहुंच चुका है और अमेरिका और इजराइल ने ईरान के तेल डिपो मिसाइल साइट्स आईआरजीसी यानी कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड स्कोप्स के हेड क्वार्टर्स और न्यूक्लियर



साइट्स पर दनादन हमले किए हैं। ईरान ने बदले में इजराइल पर मिसाइल बरसाए जिनमें क्लस्टर म्यूनिशियंस भी शामिल हैं और इस बीच अमेरिकी सैनिकों की मौत भी हो चुकी है। कम से कम सात अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं। इस युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। ब्रेंड क्रूड $ प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुका है।

इतना ही नहीं कुछ रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि 20% की बढ़ोतरी भी हुई है। स्टेट ऑफ ऑर्बुज जो दुनिया के 20% तेल का रास्ता है लगभग पूरी तरह से बंद हो चुका है। जहाजों की आवाजाही 30% से ज्यादा कम हो चुकी है। ईरान ने एनर्जी वॉर की धमकी दे दी है और अमेरिका ने बिना शर्त सरेंडर की मांग की है ईरान से। इतना ही नहीं इजराइल ने ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामनेई यानी जो अली खामनेई के बेटे हैं उनको भी निशाना बनाने की धमकी दे दी है और यह युद्ध अब लेबनान इराक सीरिया तक फैल चुका है जहां हिजबुल्लाह और अन्य ग्रुप्स शामिल हो सकते हैं। अब इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। स्टॉक मार्केट्स गिर रहे हैं। भारत के लिए तो भारत के लिए भी चिंता का विषय है। बहुत बड़ा चिंता का विषय है क्योंकि भारत का 55 से 60% तेल इंपोर्ट गल्फ से ही आता है। इराक, सऊदी अरब, यूएई, कुवैत से आता है। लेकिन इस युद्ध में भारत की भूमिका एक एक दोस्त की तरह है जो संकट में मदद करता है और मदद कर भी रहा है। एक तरफ ईरान की मदद, दूसरी ओर मिडिल ईस्ट के देशों की मदद। अब आते हैं मुख्य मुद्दे पर। मिडिल ईस्ट में फूड सिक्योरिटी का संकट है। जहां पूरी दुनिया को तेल की समस्या दिख रही है, वहीं मिडिल ईस्ट के देशों पर फूड सिक्योरिटी का बादल मंडरा रहा है। यूएई हो या सऊदी अरब इन सभी देशों में 90% से ज्यादा खाने-पीने का सामान बाहर से इंपोर्ट होता है। यानी बाहर से उनके यहां सामान जाता है।